● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 167, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार , 26 जुलाई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



ओबीसी मुद्दे पर कांग्रेस से हुई चूक : राहुल 5

इंग्लैण्ड में तिलक का दूसरा शतक 6

## स्वस्थ प्रदेश से ही बनाएंगे समृद्ध प्रदेश : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने हमीदिया अस्तपताल में सीटी स्कैन एवं एमआरआई मशीन का किया लोकार्पण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नर की सेवा में ही नारायण की सेवा है। प्रदेश के नागरिकों के स्वास्थ्य की देखभाल हमारी सरकार की जिम्मेदारी है। स्वस्थ प्रदेश के जरिए ही हम मध्यप्रदेश को समृद्ध प्रदेश बनाएंगे। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सहज, सुलभ, सस्ती, तत्परतापूर्ण और गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना ही सरकार की प्राथमिकता है। गरीब कल्याण के संकल्प की सिद्धि के लिए हम वचनबद्ध होकर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन मशीनों का लोकार्पण हुआ है, यह हमारे लिए सिर्फ मशीनों का नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और अपने वचनों के प्रति समर्पण भाव का भी विस्तार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को शासकीय गांधी चिकित्सा



महाविद्यालय, भोपाल से सम्बद्ध हमीदिया अस्पताल में नव स्थापित सीटी स्कैन एवं एमआरआई मशीन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा इन मशीनों के लोकार्पण से प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय चिकित्सालय को चिकित्सा जांच की अत्याधुनिक सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध हो गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ती जा रही हैं। हमीदिया अस्पताल में नई एमआरआई मशीन का लोकार्पण हुआ है। यह कष्ट के समय में जीवनदान के समान है। इससे जांच में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी शासकीय अस्पतालों में आधुनिक मशीनों द्वारा मरीजों की जांच के लिए कार्य कर रही है। सभी अस्पतालों में मरीजों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। यह नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति सरकार की सजगता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मध्यप्रदेश में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेजों के साथ अस्पताल भी शुरू किए जा रहे हैं। देश में अपनी तरह का यह पहला मॉडल है, जहां मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए इच्छुक निवेशकों/संस्थाओं को 25 एकड़ जमीन मात्र एक रुपये में उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक प्रदेश में 4 मेडिकल कॉलेजों को भूमि आवंटित की जा चुकी है। राज्य सरकार सभी क्षेत्रों में विकास के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों को उच्च स्तरीय जांच सुविधाओं और आधुनिक उपकरणों से लैस किया जा रहा है ताकि आमजन को सस्ती, सुलभ और समुचित स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें। उन्होंने बताया कि शासकीय गांधी चिकित्सालय महाविद्याय और हमीदिया अस्पताल अपनी वर्षों पुरानी साख और सेवाभाव के साथ अब नई तकनीकों से भी सुसज्जित हो गया है। सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन की स्थापना से मरीजों को जटिल स्वास्थ्य जांचों के लिए अब कहीं और भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गंभीर मरीजों के लिए सरकार ने एयर एंबुलेंस और हेली सेवा की भी शुरुआत की है, जिससे कई मरीजों को समय पर चिकित्सा उपलब्ध करवाकर उनकी जीवन रक्षा संभव हो सकी है।

## भारत ने मालदीव को 4850 करोड़ का कर्ज दिया,फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर हुई चर्चा

**माले।** पीएम मोदी आज दो दिवसीय दौरे पर मालदीव पहुंचे। यहां उनका गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। खुद राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू उन्हें लेने एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। दोनों नेताओं ने एक दूसरे को गले भी लगाया।



इसके बाद मोदी और मुइज्जू ने द्विपक्षीय मीटिंग की। इस दौरान भारत ने मालदीव को 4,850 करोड़ रुपए की लाइन ऑफ क्रेडिट (कर्ज) दिया की और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बात की।

दोनों देशों के डिप्लोमैटिक संबंधों के 60 साल पूरे पर स्मारक डाक टिकट जारी किया गया। इसके साथ मालदीव में 6 कम्युनिटी डेवलपमेंट परियोजनाओं को शुरू किया गया।

भारतीय पीएम की यह तीसरी मालदीव यात्रा है। वे राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के न्योते पर मालदीव गए हैं। भारत-मालदीव संबंधों पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमारे लिए दोस्ती हमेशा पहले आती है। भारत मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी है। भारत की पड़ोसी पहले नीति और महासागर विजन में मालदीव का अहम स्थान है। मोदी ने कहा कि भारत को मालदीव का सबसे भरोसेमंद दोस्त होने पर गर्व है। चाहे संकट हो या महामारी, भारत हमेशा सबसे पहले उनके साथ खड़ा रहा है। चाहे आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता हो या कोविड के बाद अर्थव्यवस्था को संभालना हो, भारत ने हमेशा साथ मिलकर काम किया है। मोदी 26 जुलाई को मालदीव के 60वें स्वतंत्रता समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान भारत और मालदीव के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 60 साल पूरे होने का जश्न भी मनाया जाएगा। मोहम्मद मुइज्जू नवंबर 2023 में राष्ट्रपति बने थे, उसके बाद से किसी विदेशी नेता की पहली आधिकारिक यात्रा है। इस दौरान डिफेंस और रणनीतिक क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर होंगे।

यह समझौते भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी के तहत मालदीव के साथ विकास साझेदारी को और मजबूत करेंगे।

## संविधान से समाजवाद और पंथनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की योजना नहीं : मेघवाल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा है कि उनकी संविधान से समाजवाद और पंथनिरपेक्ष शब्द हटाने पर विचार करने की फिलहाल कोई मंशा या योजना नहीं है। सरकार ने कहा कि इस संबंध में कोई प्रक्रिया शुरू भी नहीं की गई है। राज्यसभा में सरकार ने यह जानकारी दी। एक सवाल के जवाब में केंद्रीय कानून मंत्री ने ये भी बताया कि सुप्रीम कोर्ट भी 42वें संविधान संशोधन को वैध करार दे चुका है।

राज्यसभा में सांसद रामजी लाल सुमन ने इस संबंध में सवाल किया था। जिस पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार को लिखित जवाब में बताया कि



सरकार का आधिकारिक रुख यह है कि संविधान की प्रस्तावना से समाजवाद और पंथनिरपेक्ष शब्दों पर पुनर्विचार करने या उन्हें हटाने की कोई योजना या मंशा नहीं है। प्रस्तावना में संशोधनों के संबंध में किसी भी चर्चा के लिए गहन विचार-विमर्श और व्यापक सहमति की जरूरत होगी, लेकिन अभी तक सरकार ने इन प्रावधानों को बदलने के लिए कोई औपचारिक प्रक्रिया शुरू नहीं की है। केंद्रीय मंत्री ने जवाब में बताया कि सर्वोच्च न्यायालय साल 1976 में हुए 42वें संविधान संशोधन की वैधता की पुष्टि कर चुका है, जिसके तहत संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद और पंथनिरपेक्ष शब्द जोड़े गए थे। उन्होंने कहा कि नवंबर 2024 में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने डॉ. बलराम सिंह एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य के मामले में, 1976 के संशोधन (42वें संविधान संशोधन) को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था, और पुष्टि की थी कि संसद के पास संविधान की प्रस्तावना में भी संशोधन की शक्ति है।

## कांग्रेस ने जो देश को दिया, उसे कोई खत्म नहीं कर सकता : खरगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस शुक्रवार को ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन कर रही है। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि राहुल गांधी पिछड़ों और दलितों के लिए लड़ते हैं। अगर लोकसभा चुनाव में 30 सीटें और आतीं तो हम सत्ता में होते। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि वे झूठों के सरदार हैं। झूठ बोलने का ही उनका काम है। दो करोड़ नौकरी देंगे, झूठ बोले। काला धन देश में लाकर पैसे दूंगा, वो भी झूठ बोले।

## सर्वदलीय बैठक में सदन चलाने पर बनी सहमति

### लोकसभा में सोमवार से नियमित होगी कार्यवाही

**नई दिल्ली।** मानसून सत्र में विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी और विरोध के बीच निचले सदन की कार्यवाही शुक्रवार को भी स्थगित कर दी गई। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सर्वदलीय बैठक बुलाई और सदस्यों से सदन को सुचारू रूप से चलने देने का आग्रह किया। बैठक के दौरान ऑपरेशन सिंदूर पर एक सत्र आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। इससे पहले आज सुबह राज्यसभा और लोकसभा दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। उच्च सदन की बैठक अब सोमवार सुबह 11 बजे होगी, जबकि लोकसभा



दोपहर 2 बजे फिर से शुरू होगी। सोमवार से (28 जुलाई) से सदन सुचारू रूप से चलाने पर सहमति बन गई है। इसी दिन ऑपरेशन सिंदूर पर भी चर्चा होगी। बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद में प्रश्नकाल, चर्चा और संवाद को जारी रखने की अपील की और कहा कि सभी सांसदों को संसदीय मर्यादा का पालन करते हुए जनहित के मुद्दों पर बहस करनी चाहिए। विपक्षी सांसद बिहार में चल रही विशेष तीव्र पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर चर्चा की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि चुनाव आयोग द्वारा राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले की जा रही यह प्रक्रिया जन प्रतिनिधित्व के अधिकार पर हमला है।

## ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी, हमारी तैयारी का स्तर बहुत ऊंचा : सीडीएस

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। देश की सैन्य तैयारियों के पहलू पर उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी का स्तर बहुत ऊंचा होना चाहिए। तैयारियां ऐसी हों जिसमें हम चौबीसों घंटे और 365 दिन मुस्तैद रहें। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित एक रक्षा संगोष्ठी के दौरान सीडीएस जनरल चौहान ने कहा कि युद्ध के उभरते परिदृश्य में, भविष्य के सैनिक को सूचना और तकनीक के साथ साथ युद्ध कौशल के ऐसे मिश्रण से लैस होना चाहिए जो वॉरियर की तरह हो।

## लोकसभा में शुरू होगी जस्टिस वर्मा को हटाने की प्रक्रिया : रिजिजू

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को घोषणा की कि कथित भ्रष्टाचार के मामले में फंसे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा को हटाने की कार्यवाही लोकसभा में शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी दल एकजुट होकर न्यायपालिका में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने पर सहमत हुए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विपक्ष के नोटिस को राज्यसभा में स्वीकार नहीं किया गया है, जिससे लोकसभा में अब यह प्रक्रिया शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जल्द ही तीन सदस्यीय जांच समिति की घोषणा कर सकते हैं, जो जस्टिस वर्मा के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच करेगी। रिजिजू ने कहा, हमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए, जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने की कार्यवाही लोकसभा में शुरू होगी। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम के अनुसार, लोकसभा में प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह मामला राज्यसभा में जाएगा।

## नशे के खिलाफ 7100 लोगों की मानव श्रृंखला ने रचा इतिहास

**इंदौर।** नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के तहत इंदौर पुलिस को एक विशेष उपलब्धि हासिल हुई है। नशे के दुष्परिणामों के प्रति जनचेतना लाने हेतु चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत आज, 25 जुलाई 2025 को, इंदौर शहर में एक विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई। इस श्रृंखला में विभिन्न स्कूल-कॉलेज, कोचिंग संस्थानों के छात्र-छात्राएं, नगर सुरक्षा समिति के सदस्य, ट्रैफिक वार्डन, महिलाओं और पुरुषों सहित कुल 7100 लोगों ने भाग लिया। इस ऐतिहासिक आयोजन से इंदौर का नाम वर्ल्ड



बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है। मानव श्रृंखला का निर्माण भंवरकुआ चौराहे से लेकर पलासिया चौराहे तक किया गया। इस आयोजन की शुरुआत अति पुलिस आयुक्त अमित सिंह एवं पुलिस उपायुक्त जोन-04 ऋषिकेश मीणा ने की। कार्यक्रम में सहोदय ग्रुप से जुड़े प्रमुख स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों के छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ, नगर सुरक्षा समिति सदस्य, ट्रैफिक वार्डन, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने हाथों में जागरूकता संदेश वाली तख्तियां और पंपलेट्स लेकर नशे से दूर रहने का संदेश जन-जन तक पहुँचाया।

यह मानव श्रृंखला एक वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में दर्ज हुई, जिसे वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन की टीम ने प्रमाणित किया। टीम की सदस्य अपूर्वा मेनन और भरत शर्मा ने इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रोविजनल सर्टिफिकेट सौंपा। यह आयोजन इंदौर पुलिस की नशा विरोधी प्रतिबद्धता और आमजन को जागरूक करने के प्रयासों का प्रतीक बन गया है।

## विधानसभा सत्र से पहले कांग्रेस ने बुलाई विधायक दल की बैठक

### मुद्दों को मजबूती से उठाने की बनेगी रणनीति

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने 27 जुलाई रविवार को राजधानी भोपाल में कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई है। ये बैठक भोपाल के होटल पलाश में होगी। इस बैठक में 28 जुलाई से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र की रणनीति और रूपरेखा पर विधायकों से चर्चा की जाएगी। मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहा है, जो 8 अगस्त तक चलेगा। इस 12 दिवसीय सत्र के दौरान कुल 10 बैठकें आयोजित की जाएंगी। सत्र में 2 अगस्त (शनिवार) और 3 अगस्त (रविवार) को अवकाश रहेगा। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बताया कि मांडू में सम्पन्न हुए कांग्रेस के नव संकल्प शिविर में जनहित के जिन मुद्दों पर चर्चा हुई है और जो सुझाव निकल कर सामने आए हैं, उनपर विधायक दल की बैठक में बातचीत कर सत्र के दौरान उन मुद्दों को मजबूती से उठाने की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## कांग्रेस शासन में जाति जनगणना न कराना मेरी गलती : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जाति जनगणना को लेकर अहम बयान दिया है। राहुल गांधी ने माना कि अपनी पार्टी के शासनकाल में जाति जनगणना न कराना बड़ी गलती थी। मै अब इसे सुधारना चाहता हूं। राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मीडिया ने प्रधानमंत्री के गुब्बारे को फुलाया है और उनमें कोई दम नहीं है। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस शुक्रवार को ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मुझे राजनीति करते हुए 21 साल हो गए हैं। जब मैं पीछे देखता हूं और खुद का आत्मनिरिक्षण करता हूं..... मैंने कहां-कहां सही काम किया और कहां कमी रही. तो दो तीन बड़े मुद्दे दिखते हैं।

## मुंबई में बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित, हाई अलर्ट पर पुलिस

**मुंबई।** देश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में मानसून का असर तेज हो गया है। मुंबई, ओडिशा और कोलकाता समेत कई इलाकों में भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मुंबई में जलभराव और ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी हुई है, वहीं ओडिशा और दक्षिण बंगाल के कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने समुद्र तटीय इलाकों में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मुंबई और आसपास के जिलों में बीते 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश के चलते कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। बाढ़ जैसे हालात को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने नागरिकों को बेहद जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी है। लोगों से सतर्कता से वाहन चलाने की अपील की गई है। नगर निगम और आपातकालीन सेवाएं अलर्ट पर हैं। किसी भी आपदा की स्थिति में नागरिक 100, 112 या 103 नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। हालांकि इतनी भयंकर बारिश के बावजूद भी ट्रेने समय पर रहीं, सुबह कुछ ट्रेन 10 से 11 मिनट जरूर लेट रहीं लेकिन पीक समय पर सभी ट्रेनें समय पर सुचारू रूप से चलीं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के डिप्रेशन में बदलने से ओडिशा में 25 से 28 जुलाई तक भारी से अति भारी बारिश हो सकती है।

## झालावाड़ में स्कूल की छत गिरी, प्रार्थना कर रहे आठ मासूमों की मौत

**झालावाड़।** राजस्थान के झालावाड़ जिले के पिपलोदी गांव में शुक्रवार सुबह स्कूल की छत गिरने से दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक सरकारी स्कूल की बिल्डिंग की छत अचानक गिर गई, जिससे स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्रार्थना सभा के दौरान हुई इस घटना में 8 बच्चों की मौत हो गई है। शिक्षा विभाग ने पांच शिक्षकों को निलंबित किया है।

जानकारी के अनुसार स्कूल में हादसा उस वक्त हुआ जब प्रार्थना चल रही थी। हादसे के समय स्कूल के शिक्षक भवन के बाहर थे। जबकि छात्र स्कूल भवन के अंदर प्रार्थना कर रहे थे। इस वजह से शिक्षक हादसे का शिकार



नहीं हुए हैं। इस हादसे में करीब 27 बच्चे घायल हुए हैं । इनमें से 8 की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल बच्चों को झालावाड़ के अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।

स्कूल की छत गिरने के बाद गांव वालों ने मलबे से बच्चों को निकालना शुरू किया। इसके बाद जेसीबी मशीन की मदद ली गई। स्कूल की छत काफी समय से जर्जर हो रही थी और लगातार हो रही भारी बारिश के बाद छत के गिरने का अंदेशा भी बना हुआ था। इसके बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया गया। नतीजा मासूम बच्चों की जान चली गई। गंभीर घायल बच्चों को झालावाड़ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मलबा हटाने में रेस्क्यू टीम के साथ ग्रामीण भी पूरी तरह से लगे रहे। झालावाड़ जिला कलक्टर अजय सिंह राठौर ने कहा कि सभी बच्चों को बाहर निकाल लिया गया है। इस हादसे में अब तक 8 बच्चों की मौत हो गई है।

घटना के चश्मदीद बनवारी ने बताया कि बच्चे स्कूल में जाकर बाहर वापस बाहर निकलने लगे थे। फिर उनको स्कूलों में जबरन अंदर भेजा गया। इसके बाद भवन की छत भरभराकर गिर गई। बच्चे उसी में दब गए। हम सब बचाने के लिए भागे। जैसे तैसे मलबा हटाकर बच्चों को निकालना शुरू किया। स्कूल जर्जर था। हम गांव वालों ने शिकायत भी की थी। स्कूल की छत से पानी टपकता था। शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद भी बच्चों को स्कूल में बैठाया जा रहा था। जिस कक्षा में हादसा हुआ उसमें करीब 30-35 बच्चे थे। शिकायत करने पर कहा कि पंचायत बनवाएगी भवन। सब एकदूसरे पर टालते रहे।

एक तरफ गांव वाले भवन की खस्ताहालत के लिए शिकायत कर चुके थे। वहीं दूसरी तरफ प्रशासन ने इस पर कार्रवाई नहीं की। ऐसा क्यों हुआ इस पर झालावाड़ जिला कलक्टर अजय सिंह राठौर ने कहा कि इस तरह के हादसे भविष्य कभी न हों इसके लिए हम प्रयास करेंगे।

# माड़ा इलाके में बारिश का तांडव, सात मकान जमींदोज

## आधा सैकड़ा से अधिक घरों में घुसा पानी, घटनास्थल पर पहुंचे कलेक्टर, एसपी व एसडीएम, राहत बचाव कार्य जारी








**सिंगरौली।** गुरूवार की मध्य रात से लेकर आज दिन शुक्रवार की सुबह तक जिले के माड़ा एवं लंघाडोल इलाके में करीब छः घंटे के अधिक समय तक हुई घनघोर बारिश ने तांडव मचा दिया। माड़ा इलाका पूरा जलमग्र हो गया। सैकड़ों घरों में पानी भर जाने से आधा दर्जन से अधिक कच्चा मकान जमींदोज हो गये। बाढ़ एवं बारिश का हालात लेने प्रभावित गांवों में कलेक्टर, एसपी व एसडीएम पहुंचे।

दरअसल जिले के माड़ा तहसील क्षेत्र में गुरूवार की मध्य रात से मूसलाधार बारिश शुरू हुई। जहां करीब छः घंटे के बारिश ने 180 एमएम वर्षा दर्ज की गई। आलम यह था कि घनघोर बारिश के चलते क्षेत्र के कई नदी-नाले उफान पर आ गये। जहां कई घरों में पानी भरने लगे। साथ ही पुल-पुलिया भी उफान पर आ जाने के कारण आवागमन प्रभावित हो गया। जानकारी के अनुसार माड़ा, बहेलीकला , सुलियरी एवं छतौली में बारिश का व्यापक तांडव दिखा है। यहां के करीब सात कच्चा मकान जमींदोज हो गये और सैकड़ा से अधिक घरों में पानी भरने लगे। हालांकि इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर एसडीएम माड़ा राजेश शुक्ला, थाना प्रभारी टीआई शिवपूजन मिश्रा, तहसीलदार, आरआई, हल्का पटवारी, पंचायत सचिव व अन्य मैदानी अमला जुट गया और जेसीबी मशीन के सहारे खुदाई कर पानी निकालने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया गया। बताया जाता है कि बारिश इस तरह हो रही थी कि चारों तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा था। बारिश के इस तांडव को देख हर कोई हदप्रद था। माड़ा के बुजुर्ग बताते हैं कि करीब 50 साल बाद इस तरह की बारिश देखने को मिली है। इधर बैढ़न के अलावा लंघाडोल व बैढ़न इलाके में भी मूसलाधार बारिश हुई है। लंघाडोल थाना क्षेत्र के पोड़ी स्थित पाठ नाला उफान पर था। थाना प्रभारी मौके से पहुंच पुलिया से ऊपर पानी होने के कारण आवागमन बंद करा दिया। वही साशन पुलिस चौकी क्षेत्र के पिपरा में पानी पुल के ऊपर तथा खुटार-रजमिलान मार्ग, चितरवई एवं लरमटिया, वही चितरंगी थाना क्षेत्र के कपूरदेई के गोतार नदी, गोभा साशन मार्ग, सिंगरौलिया म्यार नदी, जयंत का बलिया नाला, विंध्यनगर के मटवई नाला, कसर के रेलवे अंडरपास, गोपद नदी जल भराव ज्यादा होने से पुलिस ने ऐतिहातन बैरियर लगाकर आवागमन बंद करा दिया है। फिलहाल जिले में हो रही घनघोर बारिश का असर करीब-करीब पूरे जिले में है।

### माड़ा इलाके में आधा दर्जन से अधिक मकान ध्वस्त

जानकारी के अनुसार माड़ा, छतौली एवं सुलियरी गावं के करीब आधा दर्जन से अधिक कच्चे मकानों में पानी भरने से जमींदोज हो गये। हालांकि गनीमत यही रही कि किसी प्रकार की जन हानि नही हुई है, लेकिन सात परिवारों के घरों के लोग बेघर हो गये हैं। उन्हें ग्राम पंचायतों के सामुदायिक भवन व स्कूलों में पहुंचा कर राहत शिविर बनाया गया है। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने मैदानी अमला को निर्देशित किया है कि प्रभावित लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो और समय-समय पर भोजन मुहैया कराये। वही पुलिस भी लगातार राहत शिविर की निगरानी करती रही।

### कलेक्टर अपनी मौजूदगी में कराया राहत कार्य प्रारंभ

अत्याधिक वर्षा के कारण जिन स्थलों पर जल भराव एवं यातायात बाधित हो गया है, उन ऐसे स्थलों पर तत्काल राहत प्रदान करने को मद्देनजर रखते हुयें कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा तीनों अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारियों सहित राजस्व एवं पुलिस अमले के साथ ही आपदा प्रबंधन में संलग्न दल को निर्देशित किया कि सभी क्षेत्र में सक्रिय कर दिया गया है एवं ऐसे स्थलों पर बचाव एवं राहत के कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। ताकि कोई भी अप्रिय घटना घटित न होने पाये। बरसात के कारण जिन घरो में क्षति हुई मौके पर उपस्थित राजस्व अमले को सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिए प्रकरण तैयार करने के निर्देशित किया है। कलेक्टर ने सामुदयिक भवन में ठहरे वर्षा से प्रभावित परिवारो से भी मुलाकात कर कहा कि चिंता करने की बात नही प्रशासन हर समय आप लोगो के साथ है।

### इनका कहना

भारी बारिश के चलते माड़ा थाना क्षेत्र के सात घर क्षतिग्रस्त हुये हैं। पीड़ित परिवारों को सुरक्षित स्कूल और सामुदायिक भवन में रखा गया है। वही खाने-पीने की सभी व्यवस्था कराई गई है। पुलिस व सुरक्षा समिति के सदस्यों को सक्रिय किया गया है। जहां नदी-नाले उफान पर हैं। वहा पुलिस तैनात की गई है और बैरिकेट लगाये गये हैं।

**मनीष खत्री**
**एसपी, सिंगरौली**



### इनका कहना

जिनके मकान गिर गये हैं, ऐसे परिवारों को तत्काल सुरक्षित स्थानों में पहुंचाया गया है। उनके रहने-खाने उचित प्रबंध करने के निर्देश दिये गये हैं। वर्षा से प्रभावित लोगों से मुलाकात करते हुये बताया गया कि किसी प्रकार की चिन्ता ना करे क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है, प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

**चन्द्रशेखर शुक्ला**
**कलेक्टर, सिंगरौली**

# फिर सड़क दुर्घटना में एक कि गई जान

## देर रात मोरवा-गोरबी मार्ग पर हुआ हादसा, बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर



**सिंगरौली।** बीते गुरुवार की रात करीब 9 बजे मोरवा थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन दुर्गा मंडप के पास मोरवा से गोरबी जा रहे एक बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक चला रहे विकास पनिका पिता स्व. पुरषोत्तम पनिका उम्र 18 निवासी दुद्धि सोनभद्र की मौके पर मौत हो गयी। बाइक में बैठे मृतक के रिस्तेदार दिनेश पनिका को गंभीर चोटें आयी, जिसे मोरवा पुलिस ने तत्काल उपचार के लिए नेहरू शताब्दी चिकित्सालय भेजा गया। गौरतलब है कि सड़क दुर्घटना की जानकारी लगते ही मोरवा निरीक्षक यूपी सिंह द्वारा निर्देशित मोरवा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए नेहरू अस्पताल भेजा। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों की शव को देखते ही चीख-पुकार मच गयी। मृत युवक अपने मौसी के घर गोरबी रहा करता था। जो दुर्घटना से पहले अपने रिस्तेदार के साथ बाइक में मोरवा से गोरबी जा रहा था। परिजनों को समझाइश देते हुए मोरवा पुलिस बल ने शव का पंचनामा कर शव को मोर्चरी में रखवाया। जिसे आज दिन शुक्रवार को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मोरवा पुलिस इस घटना में अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

# अतिवृष्टि के कारण जिले के समस्त स्कूल-कॉलेज आज रहेंगे बंद

**सिंगरौली।** जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा को देखते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में 26 जुलाई को एक दिवसीय अवकाश घोषित किया है। यह आदेश कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अतिवृष्टि के कारण कई क्षेत्रों में जलभराव एवं नदी-नालों के उफान से विद्यार्थियों का विद्यालय पहुँचना असुरक्षित हो सकता है। सभी विद्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे आदेश का पालन सुनिश्चित करें और अभिभावकों को सूचना दें। इस निर्णय की सूचना भोपाल मुख्यालय सहित सभी संबंधित अधिकारियों, समन्वयकों को भेज दी गई है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे सावधानी बरते और आवश्यक होने पर ही बाहर निकलें।

# नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों का हुआ सम्मान

## अभिनंदन समारोह के साथ किया पदभार ग्रहण




**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली के जयंत, सरई तथा निवास मंडलों के अध्यक्षों की नियुक्ति विगत दिवस प्रदेश कार्यालय से जारी की गई। प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के अनुमोदन के पश्चात तीनों मंडल अध्यक्षों की सूची प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह को प्रेषित की।

जारी सूची के अनुसार मंडल जयंत में पिछले तीन बार के मंडल महामंत्री एवं वर्तमान में क्रमांक वार्ड 21 के पार्षद कमलेश वर्मा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मंडल सरई मे पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष एवं वर्तमान जनपद सदस्य गन्नई रामधनी यादव को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है तथा इसी प्रकार मंडल निवास में मंडल मंत्री तथा वर्तमान जनपद सदस्य भरसेंडी इंदू शाह को मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय के सभागार में नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों के लिए जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, सरोज शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, जिलामंत्री अरविंद तिवारी तथा तीनों नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष मंचासीन रहे। वही जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह भाजपा ही है जो अपने कार्यकर्ताओं की प्रतिमा को परख कर उनको दायित्व प्रदान करती है। हमारे यहां हर कार्यकर्ता के लिए काम है तथा हर काम के लिए कार्यकर्ता हैं। इसलिए जो भी दायित्व जिस कार्यकर्ता के पास हो उसका निष्ठा से निर्वहन करें, तो यह तय है कि संगठन आपको पूरा सम्मान देगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष इसके पूर्व में भी विभिन्न दायित्वों में रहे हैं और उनके पूर्व के कार्यों के मूल्यांकन के आधार पर ही उनको मंडल अध्यक्ष का दायित्व दिया गया है।

# आदर्श ग्राम पिपरा में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सिंगरौली।** आदर्श ग्राम पिपरा में नवांकुर संस्था नर्मदा सेवा समिति के द्वारा ब्लॉक बैढ़न के सेक्टर सासन के अंतर्गत आदर्श ग्राम पिपरा में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, विशिष्ट अतिथि म.प्र. जन अभियान परिषद निकाय के सदस्य कृष्णकांत द्विवेदी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक, जिला समन्वयक राजकुमार विश्वकर्मा, ग्राम पंचायत सरपंच रामसुभग पनिका, जनपद सदस्य प्रेमलाल शाह, मंडल अध्यक्ष कमलेश शाह, उप सरपंच विद्यासागर वैश्य, एकतीशचद्र वैश्य, नर्सरी 2000 पौधे की संचालक रंजू शाह एवं नर्मदा सेवा समिति के सचिव अमृता शर्मा कोषाध्यक्ष रमेश गुर्जर,परामर्शदाता, सीमा भारती, नवांकुर सखी ग्रामीण गणमान्य नागरिक महिला-पुरुष मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माता सरस्वती जी के छाया चित्र पर धूप दीप प्रज्जवलित किया गया। सभी अतिथियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया। आदिवासी कल्चर में बैंड-बाजा एवं डीजे बजाते हुए कलश यात्रा बड़े हर्ष उल्लास के साथ निकाली गई। बड़े क्षेत्र में रंगोली बनाने का कार्य संस्था के सचिव परामर्श दाता के द्वारा किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों के द्वारा 100 नवांकुर सखियों आईडी कार्ड और पौधा वितरण किया गया। जिसमें उस पौधों को एक वर्ष तक नवांकुर सखी अपने यहां देख-रेख करेंगी।

# शासकीय महाविद्यालय देवसर में वित्तीय जागरूकता एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**सिंगरौली।** शासकीय महाविद्यालय देवसर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बैढ़न के सहयोग से ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आर से टी कार्यक्रम के तहत अध्यनरत छात्र-छात्राओं को रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं वित्तीय सुरक्षा की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रंजीत कुमार एलडीएम एवं विजय कुमार डायरेक्टर आर से टी एवं भूपेंद्र तिवारी एफ एलसी द्वारा रोजगार तथा प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय ने की एवं कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के फिजिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विद्या चरण द्विवेदी ने किया।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आया युवक, मौत



**सिंगरौली।** कोतवाली थाना क्षेत्र के समीपी वार्ड क्रमांक 38 ढोटी में आज दिन शुक्रवार की सुबह आकाशीय बिजली की चपेट में एक युवक आ गया। जिससे मौत हो गई। आनन-फानन में परिजनों ने उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न लेकर आये। जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर जैसे ही भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल शाह को हुई तो ट्रामा सेंटर पहुंच परिजनों से मुलाकात कर ढाढ़ंस बंधाने का प्रयास किया।

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 38 अंतर्गत ढोटी निवासी दिलीप शाह उम्र 30 वर्ष की आज दिन शुक्रवार को आकस्मिक रूप से आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। यह हादसा अचानक हुई बारिश के दौरान उस समय हुआ। जब दिलीप किसी कार्यवश बाहर निकले थे। हादसे के बाद उन्हें तत्काल परिजनों द्वारा ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के लिए शव को पीएम कक्ष में भेजा गया है। इस असमय निधन की खबर से पूरे वार्ड और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। दिलीप शाह मिलनसार और सौम्य स्वभाव के युवा थे, जिनकी सामाजिक सक्रियता और सहयोग भावना के सभी प्रशंसक थे।

# निर्माण कार्य एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी न हो : विश्वामित्र



**सिंगरौली।** विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत सभी निर्माण व विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराएं तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता से समय सीमा में कराएं, जिससे हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। उक्त आशय के विचार क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक ने देवसर में जनपद सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान व्यक्त किए। जनपद सभागार देवसर में विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की खण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा हुई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा के दौरान बिगड़े हैंडपंपों का सुधार तत्परता से कराने के लिए कहा गया। नलजल का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय सीमा में पूरा करे तथा योजना पूरा होने के बाद ही पंचायत को हैंडओवर करें। जल निगम की समीक्षा में पाइप लाइन एवं टंकी निर्माण का कार्य गुणवत्ता एवं शीघ्रता से कराने के लिए निर्देशित किया गया। जनपद की समीक्षा में अधिक से अधिक सामूहिक एवं हितग्राही कार्यों विशेषकर एक बगिया माँ के नाम में पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन करने एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए कहा गया। सभी अस्पतालों, आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था कराने के लिए कहा गया। सहकारिता की समीक्षा में सभी किसानों को समय पर यूरिया, डीएपी की आवश्यकतानुसार उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। निर्माण एजेंसियों पीडब्लूडी, आरईएस, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के अधिकारियों को मार्ग निर्माण के कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराने, मार्गों के मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से कराएं।

# पीएचई विभाग के निलंबित प्रभारी ईई के 13 दिन में बहाली के सवाल पर असहज हो गई पीएचई मंत्री !

## पीएचई एवं जिले के पालक मंत्री निविदाओं से बेखबर या फिर कुछ और, पीएचई में चार निविदाओं से हुआ भ्रष्टाचार का खेल

**सिंगरौली।** कैबिनेट पीएचई मंत्री संपत्तियां उईके के ऊपर 1000 करोड़ रुपए कमीशन लेने का सनसनीखेज आरोप लगने के बाद अब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सिंगरौली के नलजल प्रदाय योजनाओं के रेट्रोफिटिंग कार्यो मैं अनियमितता को लेकर सुर्खियों में है। इस बार पीएचई विभाग के चार निविदाओं से कई करोड़ रुपए के अनियमितता के आरोप में पीएचई विभाग के प्रभारी कार्यपालन यंत्री निलंबित होने के महज 13 दिन में बहाल होने पर मीडिया के सवाल पर पीएचई मंत्री असहज हो गई। वहीं उन्होंने यह कहते हुए चल दिया कि मुझे इस संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं है। पीएचई प्रभारी ईई के बहाली पर प्रभारी मंत्री सहित भोपाल स्तर के कई अधिकारी पर सवाल खड़े होने लगे।

बता दें कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सिंगरौली में नलजल प्रदाय योजनाओं के रेट्रोफिटिंग कार्यो के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई थी। जिनकी संख्या तीन से अधिक थी और यह मामला 2022 से लेकर 2025 के बीच का था। इस दौरान 2024-25 में



विधानसभा प्रश्न क्रमांक 3565 तारांकित भी विधायक के द्वारा किया गया था।

निविदा में व्यापक पैमाने पर अनियमितताएं भी की गई थी। जिसके संबंध में वर्ष 2024 5 नवम्बर, 6 दिसम्बर, 30 दिसम्बर एवं 3 मार्च 2025 तथा 3 अप्रैल 2025 के अलावा 8 मई 2025 को प्रमुख अभियंता भोपाल के यहां से अधीक्षण यंत्री एसएल धुर्वे, पीएचई मण्डल रीवा एवं कार्यपालन यंत्री सिंगरौली त्रिलोक सिंह बरकड़े से विस्तृत जानकारी मांगी गई थी। आरोप है कि सिंगरौली में आमंत्रित निविदा क्रमांक 135352, 135385, 135387 एवं 135388 ने सिंगरौली खण्ड स्तरीय निविदा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा त्रुटि पूर्ण निविदा स्वीकृत करने वाले उत्तरदायी अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशानात्मक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव बार-बार पत्राचार करने के बावजूद नही भेजा जा रहा था। इस तरह का अर्द्धशासकीय पत्र प्रमुख सचिव पीएचई भोपाल के द्वारा जारी किया था। हालांकि बाद में 24 अप्रैल को प्रमुख सचिव के द्वारा प्रभारी कार्यपालन यंत्री पीएचई सिंगरौली त्रिलोक सिंह बरकड़े को निलंबित कर दिया गया। किंतु निलम्बन के ठीक 13 दिन बाद 7 मई को भोपाल से ही बहाल कर दिया गया। अब बार-बार सवाल उठ रहा है कि आमंत्रित निविदाओं में भारी अनियमितता हुई, फिर 13 दिन के अंदर कार्यपालन यंत्री को बहाल कर सिंगरौली में ही पदस्थ कर दिया गया।

# रोजगार आधारित शिक्षा रुझान एवं नए अवसर पर राष्ट्रीय कार्यशाला का लाइव प्रसारण

## छात्राओं को रोजगार आधारित शिक्षा के नये आयामों की मिली जानकारी




**सीधी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में बुधवार 23.07.2025 को ''विकसित मध्यप्रदेश 2047'' विषय पर आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का सीधा प्रसारण दिखाया गया। यह कार्यशाला कुशाभाऊ ठाकरे हाल भोपाल में आयोजित की गई थी। कार्यशाला का उद्देश्य रोजगार आधारित शिक्षा की ओर रुझान और युवाओं के लिए नये अवसरों की पहचान करना था। महाविद्यालय में यह प्रसारण प्राचार्य डॉ. देवेन्द्र कुमार सोनी के संरक्षण एवं विभागाध्यक्ष हिंदी डॉ नागेंद्र सिंह के निर्देशन में दिखाया गया। डॉ. नागेन्द्र सिंह ने कार्यशाला से लाभान्वित छात्राओं को बताया कि इस राष्ट्रीय कार्यशाला से विद्यार्थियों को न केवल रोजगारोन्मुखी शिक्षा की उपादेयता समझ में आई, बल्कि विकसित मध्यप्रदेश 2047 की परिकल्पना के तहत राज्य के भावी विकास की दिशा में अपनी भूमिका तय करने की प्रेरणा भी मिली।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. अमृता ब्राह्मणे, डॉ. सतेन्द्र उपाध्याय, डॉ. अनीता तिवारी, डॉ. नवीन सिंह, डॉ. दिलीप यादव, डॉ. आराधना मिश्रा, डॉ. विजय अहिरवार, डॉ. प्रीति सतनामी, डॉ. रावेन्द्र यादव, प्रो. प्राची सिंह, प्रो. मोहित मेहरा, प्रो. रोहित साहू, डॉ. संदीप चौरसिया, डॉ. नंदकिशोर कोशिया, डॉ. चांदनी कुशवाहा, प्रो. ज्ञान प्रकाश पटेल, प्रो. राम बदन विश्वकर्मा, प्रो. मानसी भूर्तिया सहित समस्त प्राध्यापक और छात्राएं उपस्थित रहीं।

## जिले में औसत वर्षा 783.9 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा सिहावल में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 25 जुलाई को सीधी जिले में 3.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.5 मि.मी., चुरहट 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 2.6 मि.मी., सिहावल में 32.6 मि.मी., बहरी में 2.0 मि.मी., मझौली में 6.0 मि.मी. और कुसमी में 16.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 783.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 25 जुलाई तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 890.2 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 660.5, चुरहट में 662.0, गोपद बनास में 706.6, बहरी में 878.7, मझौली में 887.0 मि.मी. और कुसमी में 802.5 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 308.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 475.3 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# कमिश्नर ने पर्यटन कॉन्क्लेव के संबंध में दिए निर्देश



**सीधी।** कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स से पर्यटन कॉन्क्लेव की तैयारियों की जानकारी ली। कमिश्नर ने कहा कि कलेक्टर अपने जिले के जनप्रतिनिधि तथा पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों की सूची आज ही उपलब्ध कराकर उनकी पर्यटन कॉन्क्लेव में भागीदारी सुनिश्चित करें। पर्यटन उद्योग को गति देने के लिए कॉन्क्लेव इस क्षेत्र के लिए बड़ा अवसर है। इसमें 600 से अधिक पर्यटन उद्योग से जुड़े डेलिगेट्स भाग ले रहे हैं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 26 जुलाई को रीवा के कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में रीजनल पर्यटन कॉन्क्लेव का शाम 6 बजे शुभारंभ करेंगे। समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समारोह में पर्यटन व्यवसाय से जुड़े विशिष्ट व्यक्तियों का भी उद्बोधन होगा। कॉन्क्लेव में 27 जुलाई को अलग-अलग सत्रों में तीन दलों द्वारा रीवा संभाग में पर्यटन की संभावनाएं, पर्यटन उद्योग की चुनौतियाँ तथा पर्यटन क्षेत्र में निवेश के संबंध में विचार मंथन करेंगे। दोपहर बाद इन दलों को बघेला म्यूजियम रीवा, पुरवा जलप्रपात, बसामन मामा गौ अभ्यारण्य तथा मुकुंदपुर व्हाइट टाईगर सफारी का भ्रमण कराया जाएगा।

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गई। डिप्टी कलेक्टर एसपी मिश्रा, उपखण्ड अधिकारी मझौली आरपी त्रिपाठी तथा जिला जनसम्पर्क अधिकारी मुकेश मिश्रा एनआईसी से वीडियो कांफ्रेंसिंग में सम्मिलित हुए।

# अमृत हरित अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत हुआ पौधरोपण



**सीधी।** अमृत हरित अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद सीधी के द्वारा निकाय अंतर्गत आम, कटहल, जामुन, मुनगा, करौंदा, अशोक, नीम, मधुकामिनी इत्यादि पौधों का रोपण अध्यक्ष नगर पालिका सीधी काजल वर्मा एवं सीएमओ मिनी अग्रवाल के द्वारा किया गया। अभियान के तहत एनयूएलएम योजना की स्व सहायता समूहों की सदस्यों के द्वारा भी पौधारोपण कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई गई। इस दौरान जिला न्यायालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों के द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम में सहभागिता की गई। कार्यक्रम में नगर पालिका सीधी से शीलाध्वज सिंह, सुदामा पाण्डेय, एनयूएलएम योजना से मनोज कुमार चौबे, दिलीप विश्वकर्मा तथा निर्भय सिंह की उपस्थिति रही।

## स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्स नियुक्तियों के संबंध में जांच दल गठित

**सीधी।** अपर कलेक्टर ने जानकारी देकर बताया है कि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग मध्यप्रदेश शासन/प्रभारी मंत्री जिला सीधी के पत्र दिनांक 02.07.2025 एवं आम जन प्रतिनिधि के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई है कि कार्यालय मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीधी द्वारा जिला अस्पताल/सिविल सर्जन/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र /प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिये कम्प्यूटर डाटा एन्ट्री आपरेटर /वाहन चालक/भृत्य/मल्टी स्कील्ड ग्रुप डी वर्कर मानक वर्ष 2024 आउटसोर्स आधार पर की गई नियुक्ति में मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) का पालन न करते हुए अनियमित नियुक्ति की गई है।

## हाऊसिंग बोर्ड कालोनी की घटना

# बारिस में धस गई सुरक्षा दीवार, बड़ी दुर्घटना का अंदेशा



**सीधी।** शुक्रवार की दोपहर नगर पालिका क्षेत्र वार्ड क्रमांक 5 में हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में कुछ घंटो की बारिश ने सुरक्षा दीवार को धरासाई कर दिया, गनीमत रही की हो रही वर्षा के चलते इस दौरान बच्चे उक्त दीवार से दूर थें। नही तो बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी। बताया गया कि मुकेश गुप्ता पिता स्व.कमला प्रसाद गुप्ता वार्ड क्रमांक 5 नेहरू पार्क के समीप 25 जुलाई 25 की दोपहर अपने घर पर नही थें, और इस दौरान अचानक से घर के बाहर बनी सुरक्षा दीवार धसक गई और सूखा नाले की ओर हवा में लटकने लगी। उक्त माकान मालिक श्रीमती गुप्ता ने समाचार माध्यम से जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कर त्वरित रूप से सुरक्षा व्यवस्था एवम राहत कार्य की मांग की हैं। श्रीमती गुप्ता ने बताया कि यदि नगर पालिका प्रशासन द्वारा त्वरित रूप से राहत कार्य प्रारंभ नही किया गया तो सूखा नाले के समीप बने हाऊसिंग बोर्ड के अन्य घर भी सूखा नाले के पानी की चपेट में आ जायेगें और धरासाई हो जायेगें। ऐसी स्थिती में होने वाले जान एवम माल के नुकसान की भरपाई कर पाना मुश्किल हो जायेगा।

## सचिव तथा जीआरएस को पंचायत मुख्यालय में नियमित उपस्थित रहने के निर्देश

**सीधी।** आम जनता की समस्या के त्वरित समाधान कराने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मझौली धनंजय मिश्रा द्वारा समस्त सचिव एवं जीआरएस को निर्देशित किया गया है कि वे अनिवार्य रूप से प्रतिदिन नियमित रूप से पंचायत मुख्यालय में उपस्थिति रहकर आवश्यक शासकीय कार्यवाही सम्पादित करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार को बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के पंचायत मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। यदि सचिव या जीआरएस द्वारा निर्देशों की अवहेलना एवं अनावश्यक रूप से मुख्यालय से अनुपस्थित रहना पाया जायेगा तो आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मझौली ने बताया कि प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्देशित किया गया है कि पंचायत में निवासरत ग्राम वासियों की समस्या का त्वरित निराकरण करने एवं उन्हें अनावश्यक रूप से जिले व जनपद के चक्कर न लगाना पड़े उसके लिए आवश्यक है कि पंचायत मुख्यालय नियमित रूप से खुले एवं निर्धारित वार को पंचायत मुख्यालय से सचिव/जीआरएस का उपस्थिति होना भी आवश्यक है।

# पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में बिना जाति प्रमाणपत्र के कर सकेंगे आवेंदन

## ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई




**सीधी।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट के प्राचार्य डॉ. डी के त्रिपाठी ने बताया कि सत्र 2026-2027 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन भरा जा रहा है। अभी तक 1066 आवेदन भरे गए हैं। इसके लिए कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला जनसंपर्क अधिकारी और सीधी जिले के समस्त अधिकारी और कर्मचारी तथा नवोदय विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों का मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा है। अभी तक सबसे ज्यादा 290 आवेदन कुसमी ब्लॉक से बीआरसीसी श्री अँगिरा द्विवेदी और बीईओ और शिक्षकों के सहयोग से भरे गए हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन भरते समय जाति प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य था लेकिन अभी यह अनिवार्यता नहीं है। अब सभी बिना जाति प्रमाण पत्र के ही आवेदन भर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार और सीधी जिले का एक मात्र विद्यालय जहां छात्रों को सह शिक्षा और नि:शुल्क आवासीय सुविधा, छात्र एवं छात्राओं को अलग-अलग छात्रावास की सुविधा, नि:शुल्क भोजन सुविधा, खेलकूद, संगीत, कला, कौशल आधारित कंप्यूटर शिक्षा, स्काउटस एवं गाइडस, एन.सी.सी., सुसज्जित पुस्तकालय, आधुनिकतम गणित एवं विज्ञान की प्रयोग शालाएं, विद्वान शिक्षकों का मार्गदर्शन, परवर्जन योजना के माध्यम से व्यापक सांस्कृतिक आदान-प्रदान होता है। नवोदय विद्यालय का उद्देश्य है ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना है ताकि वे सामाजिक आर्थिक परिस्थितियों से परे होकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। इसका लाभ जिले के हजारों छात्र-छात्राओं को मिल चुका है जिनमें से कुछ प्रमुख नाम एमपीपीएससी सुष्मिता गुप्ता और सोनाली गुप्ता, डॉ एस के पटेल, डॉ. राममनी, डॉ. राजेश, डॉ. एस के द्विवेदी, डॉ हरी सिंह यादव, डॉ. यू के सिंह, प्रो. बुद्धसेन, श्रीधर गुप्ता आईआईटी कानपुर, सत्येंद्र पाण्डेय बीएचयूआईटी, एस सिंह एसजीएफआईटीटी, इत्यादि हैं।

## हरियाली अमावस्या के अवसर पर हुए भजन एवं कजरी के कार्यक्रम भजन कला से मन बने मंदिर

**सीधी।** घर बने मंदिर थीम पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय दिव्यज्योति धाम में 24 जुलाई दिन गुरुवार सभी मातृ शक्तियों ने पीले वस्त्र पहनकर हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य मे ब्रह्मकुमारी महिला प्रभाग एवं आयुष्मान कला समिति के संयुक्त तत्वाधान में कजली, भजन, सावन गीत एवं मेडिटेशन का कार्यक्रम बड़े ही उल्लास और भक्ति भाव से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में घर को मंदिर जैसा बनाने के लिए विचार रखा गया। घर को सबसे बड़ा आश्रम कहा जाता है, गृहस्थ आश्रम उसकी खोई हुई पहचान फिर से लौटने के लिए, मकान को घर, घर को आश्रम और गृहस्थ आश्रम को मंदिर बनाने की आवश्यकता है।

# नशे से दूरी है जरूरी जन जागृति अभियान के तहत कार्यक्रम 29 जुलाई को

## खेल एवं युवा कल्याण विभाग के नेतृत्व में पूजा पार्क में होगा आयोजन




**सीधी।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा स्वस्थ एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु 15 से 30 जुलाई 2025 तक नशे से दूरी है जरूरी नाम से नशा जन जागृति अभियान पूरे मध्य प्रदेश में चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन पुलिस विभाग एवं अन्य विभागों के सहयोग से नशा मुक्ति जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीधी द्वारा दिनांक 29 जुलाई 2025 को पूजा पार्क सीधी में सायं 4रू00 बजे युवाओं को खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में शामिल करने तथा नशे से दूर रखने हेतु जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

अरविंद श्रीवास्तव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीधी द्वारा नशे से दूरी है जरूरी अभियान कार्यक्रम में अधिक से अधिक युवाओं खिलाड़ियों खेल संघ के पदाधिकारी प्रशिक्षक विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।

# नवांकुर सखी योजना के तहत जनअभियान परिषद के नेतृत्व में हुआ पौधरोपण



**सीधी।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ मोहन यादव की मंशानुसार प्रदेश की मातृ शक्तियों को पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ने के उद्देश्य से अद्वितीय पहल का शुभारंभ करते हुए नवांकुर सखी योजना मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के द्वारा संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत सीधी जिले के पांच विकासखंडों में चयनित 25 आदर्श ग्रामों में 100-100 मातृ शक्तियों का पंजीयन कर 11-11 पौधे वितरित करने की योजना तैयार की गई है। उक्त के अनुक्रम में हरियाली अमावस्या दिनांक 24 जुलाई 2025 से कार्यक्रम का शुभारंभ कर 30 जुलाई 2025 तक 28000 पौधों का वितरण करना लक्ष्य रखा गया है। दिनांक 24 जुलाई को विकासखंड मझौली के आदर्श ग्राम सेंधवा विकासखंड रामपुर नैकिन के आदर्श ग्राम पंखुरी 586 विकासखंड सीधी के आदर्श ग्राम कोल्हू डीह तथा विकास खंड मझौली के आदर्श ग्राम पाड में हरियाली यात्रा के अंतर्गत कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। तदुपरांत उपस्थित अतिथियों के द्वारा प्रत्येक मातृशक्ति को 11-11 पौधे वितरित कर उनके पोषण और संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा भेजे गए वीडियो संदेश का वाचन कर पौधारोपण का कार्य किया गया। मातृ शक्तियों को पुष्प वर्षा के उपरांत आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम का समापन हुआ। समस्त चारों स्थान में जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के साथ ही विकासखंड समन्वयक एवं नवांकुर संस्थाएं तथा परामर्शदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पंचतत्व में विलीन हुए शिक्षाविद पण्डित रामराज शुक्ल



**सीधी।** मझौली पाड के शिक्षाविद पूर्व बी आर सी कन्या विद्यालय मझौली के सेवानिवृत्त प्रचार्य व ज्योतिष कर्मकाण्ड के प्रकाण्ड विद्वान का 24 जुलाई 25 गुरूवार की रात में अचानक हृदय गति थमने से देहावसान हो गया। पंडित रामराज शुक्ल को उनके परिजनो ने शुक्रवार की सुबह गृह ग्राम पाड में मुखाग्नि दी। पंडित रामराज के पंचतत्व में विलीन होने की घटना से क्षेत्रवासियों में शोक की लहर व्याप्त है। पण्डित रामराज अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोडक़र गए हैं। उनकी मृत्यु से रामानंद शुक्ला सेवा निवृत्त कलेक्टर, रामावतार शुक्ल पूर्व बैंक मैनेजर, सच्चिदानंद शुक्ला, प्रमोद शुक्ल, सुधींद्र शुक्ला एडवोकेट, सुबोध शुक्ला, विवेकानंद शुक्ला, मनोज शुक्ला, नंद कुमार मिश्रा जिला अध्यक्ष पेंसनर एसोसीएसन, एड.प्रमोद कुमार मिश्रा, श्रवण शुक्ला, संजीव मिश्रा, उमेश शुक्ला, श्रवण मिश्रा, बी.के.शुक्ला, सौरभ शुक्ला सहित समस्त परिवार व इष्टजनों को गहरा आघात लगा है।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

# खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**सीधी।** उपसंचालक कृषि डॉ. राजेश सिंह चौहान ने जानकारी देकर बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत मौसम, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से यदि किसानों की फसल खराब होती है तो इस स्थिति में फसल को होने वाले नुकसान की छतिपूर्ति की जाती है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत समस्त ऋणी व अऋणी किसान 31 जुलाई 2025 तक फसलों का बीमा करा सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पटवारी हल्का स्तर पर अरहर, मक्का एवं धान, तहसील स्तर पर तिल, ज्वार एवं कोदो कुटकी तथा जिला स्तर पर उड़द एवं मूंग फसलों को अधिसूचित किया गया है। किसानों के लिए खरीफ मौसम में प्रीमियम दर अनाज, तिलहन, दलहन सभी फसलों के लिए बीमित राशि का 2 प्रतिशत या वास्तविक दर जो भी कम हो देय होगी। उप संचालक कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत धान सिंचित फसल की बीमाधन राशि प्रति हेक्टेयर 42 हजार 900 रुपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 858 रुपये है, धान असिंचित फसल की प्रति हेक्टेयर बीमाधन राशि 32 हजार 400 रुपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 648 रुपये है। अरहर फसल की प्रति हेक्टेयर बीमाधन राशि 30 हजार 600 रुपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 612 रुपये है, मक्का फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 31 हजार 350 रूपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 627 रूपये है मूंग फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 24 हजार 100 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 482 रूपये हैं उड़द फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 23 हजार 50 रूपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 461 रूपये हैं तिल फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 24 हजार 780 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 495.60 रूपये हैं ज्वार फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 23 हजार 923 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 478.46 रूपये है, कोदो कुटकी फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 15 हजार 803 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 316.06 रूपये है प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसल बीमा करवाने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 है।

अऋणी कृषक (अल्पकालिक फसल ऋण न लेने वाले कृषक) अपनी फसलों का बीमा अपनी नजदीकी बैंक/शाखा जहाँ कृषक का बैंक खाता है के माध्यम से नजदीकी सी.एस.सी सेन्टर के द्वारा करा सकते हैं, या फिर क्राप इंश्योरेंस एप को किसान भाई गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर स्वयं भी कर सकते हैं।

## संपादकीय

# प्रवर्तन निदेशालय की साख पर सवाल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्यप्रणाली को लेकर शक्तियों के इस्तेमाल, पारदर्शिता की कमी और राजनीतिक दुरुपयोग जैसे सवाल उठते रहे हैं। ईडी पर विपक्षी दलों को निशाना बनाने और सत्ताधारी दल के सदस्यों के प्रति नरमी बरतने के आरोप भी लगते रहते हैं। इसके अलावा, ईडी की ओर से दर्ज मामलों में दोषसिद्धि की दर कम होने पर भी सवाल उठ चुके हैं। ये सवाल तब और गंभीर हो जाते हैं, जब कुछ मामलों में न्यायालय की ओर से भी जांच एजंसी की कार्यप्रणाली को संदेह की नजर से देखा जाता है। गौरतलब है कि मद्रास उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह सख्त टिप्पणी की कि ईडी कोई 'ड्रोन' नहीं है जो आपराधिक गतिविधि का पता चलते ही हमला कर दे। साथ ही कहा कि जांच एजंसी एक अत्यधिक दक्ष पुलिस अधिकारी (सुपर काप) की तरह नहीं है, जो उसके संज्ञान में आने वाली हर चीज की जांच करे। हर जांच एजंसी की कार्यप्रणाली में कुछ न कुछ खामियां होती हैं, लेकिन जब सिलसिलेवार तरीके से सवाल उठने लगे तो यह दामन पर दाग लगने जैसा होता है। ईडी के पास धनशोधन जैसे आर्थिक अपराधों की जांच करने की शक्ति है। विपक्षी दल ऐसे आरोप लगाते रहे हैं कि राजनीतिक दबाव में जांच एजंसी इस शक्ति का दुरुपयोग कर रही है। ईडी की शक्तियों से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की थी कि अगर जांच एजंसी के पास मौलिक अधिकार हैं तो उसे लोगों के अधिकारों के बारे में भी सोचना चाहिए। जांच के दौरान कानूनी सलाह देने या मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों को ईडी द्वारा तलब किए जाने से जुड़े एक मामले में सोमवार को शीर्ष अदालत ने कहा कि ईडी सारी हदें पार कर रही है। इसके अलावा, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की पत्नी से संबंधित भूखंड आबंटन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने चेताया है कि राजनीतिक लड़ाई मतदाताओं के सामने लड़ी जानी चाहिए, इसमें ईडी जैसी जांच एजंसियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

*भारत में वर्ष 2016 के पहले ऑनलाइन पेमेंट का मतलब होता था केवल वीजा और मास्टर कार्ड। वीजा और मास्टर कार्ड को चलाने वाली अमेरिका की ये दोनों कंपनिया पूरी दुनिया में ऑनलाइन पेमेंट का एकाधिकार रखती थीं। वीजा की शुरुआत, अमेरिका में वर्ष 1958 में हुई थी और धीमे धीमे यह कंपनी 200 से अधिक देशों में फैल गई और ऑनलाइन भुगतान के मामले में पूरे विश्व पर अपना एकाधिकार जमा लिया। वैश्विक स्तर पर इस कम्पनी को चुनौती देने के उद्देश्य से भारत ने वर्ष 2016 में अपना पेमेंट सिस्टम, यूपीआई के रूप में, विकसित किया और वर्ष 2025 आते आते भारत का यूपीआई सिस्टम आज पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ गया है।*

# ऑनलाइन भुगतान के मामले में भारत के यूपीआई ने अमेरिका के वीजा को पीछे छोड़ा


(प्रह्लाद सबनानी)

भारत में वर्ष 2016 के पहले ऑनलाइन पेमेंट का मतलब होता था केवल वीजा और मास्टर कार्ड। वीजा और मास्टर कार्ड को चलाने वाली अमेरिका की ये दोनों कंपनिया पूरी दुनिया में ऑनलाइन पेमेंट का एकाधिकार रखती थीं।

हाल ही के समय में भारत, विभिन्न क्षेत्रों में, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नित नए रिकार्ड बना रहा है। कुछ क्षेत्रों में तो अब भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत ने बैंकिंग व्यवहारों के मामले में तो जैसे क्रांति ही ला दी है। अभी हाल ही में आर्थिक क्षेत्र में बैंकिंग व्यवहारों के मामले में भारत के युनिफाईड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) ने अमेरिका के 67 वर्ष पुराने वीजा एवं मास्टर कार्ड के पेमेंट सिस्टम को प्रतिदिन होने वाले आर्थिक व्यवहारों की संख्या के मामले में वैश्विक स्तर पर पीछे छोड़ दिया है। वैश्विक स्तर पर अब भारत विश्व का सबसे बड़ा रियल टाइम पेमेंट नेटवर्क बन गया है।

भारत में वर्ष 2016 के पहले ऑनलाइन पेमेंट का मतलब होता था केवल वीजा और मास्टर कार्ड। वीजा और मास्टर कार्ड को चलाने वाली अमेरिका की ये दोनों कंपनिया पूरी दुनिया में ऑनलाइन पेमेंट का एकाधिकार रखती थीं। वीजा की शुरुआत, अमेरिका में वर्ष 1958 में हुई थी और धीमे धीमे यह कंपनी 200 से अधिक देशों में फैल गई और ऑनलाइन भुगतान के मामले में पूरे विश्व पर अपना एकाधिकार जमा लिया। वैश्विक स्तर पर इस कम्पनी को चुनौती देने के उद्देश्य से भारत ने वर्ष 2016 में अपना पेमेंट सिस्टम, यूपीआई के रूप में, विकसित किया और वर्ष 2025 आते आते भारत का यूपीआई सिस्टम आज पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ गया है।

यूपीआई पेमेंट सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन बैंकिंग व्यवहार चुटकी बजाते ही हो जाते है। आज सब्जी वाले, चाय वाले, सहायता प्राप्त करने वाले नागरिक एवं छोटी छोटी राशि के आर्थिक व्यवहार करने वाले नागरिकों के लिए यूपीआई सिस्टम ने ऑनलाइन बैंकिंग व्यवहार करने को बहुत आसान




बना दिया है। आज भारत के यूपीआई सिस्टम के माध्यम से प्रतिदिन 65 करोड़ से अधिक व्यवहार (1800 करोड़ से अधिक व्यवहार प्रति माह) हो रहे हैं जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वीजा कार्ड से माध्यम से प्रतिदिन 63.9 करोड़ व्यवहार हो रहे हैं। इस प्रकार, भारत के यूपीआई ने दैनिक व्यवहारों के मामले में 67 वर्ष पुराने अमेरिका के वीजा को पीछे छोड़ दिया है। भारत में केंद्र सरकार की यह सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है। भारत अब इस मामले में पूरी दुनिया का लीडर बन गया है। भारत ने यह उपलब्धि केवल 9 वर्षों में ही प्राप्त की है। विश्व बैंक एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी भारत के यूपीआई सिस्टम की अत्यधिक प्रशंसा करते हुए कहा है कि यह नई तकनीकी का चमत्कार है एवं यह सिस्टम अत्यधिक प्रभावशाली है। भारत का यूपीआई सिस्टम भारत को वैश्विक बैंकिंग नक्शे पर एक बहुत बड़ी शक्ति बना सकता है। भारत में यूपीआई की सफलता की नींव दरअसल केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई कई आर्थिक योजनाओं के माध्यम से पड़ी है। समस्त नागरिकों के आधार कार्ड बनाने के पश्चात जब आधार कार्ड को नागरिकों के बैंक खातों से जोड़ा गया और केंद्र सरकार द्वारा देश के गरीब वर्ग की सहायता के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सहायता राशि को सीधे ही नागरिकों के बैंक खातों में जमा किया जाने लगा तब एक सुदृढ्ढ पेमेंट सिस्टम की आवश्यकता महसूस हुई और ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम के रूप में यूपीआई का जन्म वर्ष 2016 में हुआ। यूपीआई को आधार कार्ड एवं प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत बैंकों में खोले गए खातों से जोड़ दिया गया। नागरिकों के मोबाइल क्रमांक और आधार कार्ड को बैंक खातों से जोड़कर यूपीआई सिस्टम के माध्यम से आर्थिक एवं लेन-देन व्यवहारों को आसान बना दिया गया। भारत में आज लगभग 80 प्रतिशत युवा एवं बुजुर्ग जनसंख्या का विभिन्न बैंकों के खाता खोला जा चुका है। यूपीआई के माध्यम से केवल कुछ ही मिनटों में एक बैंक खाते से दूसरे बैंक खाते में राशि का अंतरण किया जा सकता है। ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम के रूप में यूपीआई के आने के बाद तो अब भारत के नागरिक एटीएम कार्ड, डेबिट कार्ड एवं क्रेडिट कार्ड को भी भूलने लगे हैं। भारत से बाहर अन्य देशों में रहने वाले भारतीय मूल के नागरिक भी अपनी बचत को यूपीआई के माध्यम से अपने परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में ऑनलाइन राशि का अंतरण चंद मिनटों में कर सकते हैं। पूर्व में, बैंकिंग चेनल के माध्यम से एक देश के बैंक खाते से दूसरे देश के बैंक खाते में राशि का अंतरण करने में 2 से 3 दिन का समय लग जाता था तथा विदेशी बैंकों द्वारा इस प्रकार के अंतरण राशि पर खर्च भी वसूला जाता है। अब यूपीआई के माध्यम से कुछ ही मिनटों में राशि एक देश के बैंक खाते से दूसरे देश के बैंक खाते में अंतरित हो जाती है। इससे भारतीय रुपए का अंतरराष्ट्रीयकरण भी हो रहा है।

# भारत से पंगा ईयू को महंगा पड़ेगा, 70 हजार करोड़ का निवेश ले आया, 27 देशों की उड़ाई नींद

*रूस की तेल कंपनी रोसनेफ्ट ने नायरा एनर्जी भारत में 70 हजार करोड़ का विशाल निवेश करने जा रही है। जिस कंपनी पर यूरोपीय संघ यानी ईयू ने एकतरफा प्रतिबंध लगाए। उसी नायरा ने ईयू को दो टूक जवाब देते हुए भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की राह पर एक नया इतिहास रचने का ऐलान कर दिया। नायरा एनर्जी वही कंपनी है पहले जिसे इजर ऑयल के नाम से जाना जाता था। आज ये रूस की सबसे बड़ी तेल कंपनी रोसनेफ्ट के स्वामित्व में है।*

(अभिनय आकाश)

रूस की सबसे बड़ी तेल कंपनी रोसनेफ्ट के स्वामित्व में है। नायरा एनर्जी गुजरात के वाडीनार में 2 करोड़ टन प्रति वर्ष क्षमता वाली तेल रिफाइनरी संचालित करती है। कंपनी के देशभर में करीब 6,800 फ्यूल आउटलेट हैं। नायरा भारत की कुल रिफाइनिंग क्षमता का 8 प्रतिशत और फ्यूल रिटेल नेटवर्क का 7 प्रतिशत हिस्सा संभालती है।

भारत से पंगा यूरोपियन यूनियन को महंगा पड़ गया है। रूस की तेल कंपनी रोसनेफ्ट ने नायरा एनर्जी भारत में 70 हजार करोड़ का विशाल निवेश करने जा रही है। जिस कंपनी पर यूरोपीय संघ यानी ईयू ने एकतरफा प्रतिबंध लगाए। उसी नायरा ने ईयू को दो टूक जवाब देते हुए भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की राह पर एक नया इतिहास रचने का ऐलान कर दिया। नायरा एनर्जी वही कंपनी है पहले जिसे इजर ऑयल के नाम से जाना जाता था। आज ये रूस की सबसे बड़ी तेल कंपनी रोसनेफ्ट के स्वामित्व में है। नायरा एनर्जी गुजरात के वाडीनार में 2 करोड़ टन प्रति वर्ष क्षमता वाली तेल रिफाइनरी संचालित करती है। कंपनी के देशभर में करीब 6,800 फ्यूल आउटलेट हैं। नायरा भारत की कुल रिफाइनिंग क्षमता का 8त्न और फ्यूल रिटेल नेटवर्क का 7 प्रतिशत हिस्सा संभालती है।

ईयू ने क्यों लगाया नायरा एनर्जी पर प्रतिबंध?

रूस यूक्रेन युद्ध के चलते ईयू ने रूस की कंपनियों पर 18वां प्रतिबंध पैकेज जारी कर दिया। इसमें भारत की कंपनी नायरा एनर्जी को भी शामिल कर लिया गया। ईयू का दावा है कि नायरा एनर्जी रूसी क्रूड प्रोसेसेज करती है। लेकिन हकीकत तो ये है कि भारत एक स्वतंत्र, संप्रभु राष्ट्र है और उसका तेल खरीदना नीतिगत अधिकार है। नायरा सिर्फ घरेलू जरूरतों के लिए क्रूड आयात करती है। न कि यूरोप को सप्लाई करती है। ईयू ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा को कोलैट्रल डैमेज की तरह ट्रीट किया।

**यूरोपीय संघ के प्रतिबंध को बताया अन्यायपूर्ण-** कंपनी ने




यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों पर कहा कि यह कदम न केवल भारत के हितों को कमजोर करता है, बल्कि लाखों भारतीय नागरिकों और उद्योगों के लिए आवश्यक पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति को बाधित करने का जोखिम भी पैदा करता है। इसके साथ ही कंपनी ने कहा कि वह भारत के लिए एक विश्वसनीय ऊर्जा भागीदार के रूप में अपनी भूमिका में दृढ़ है। नायरा ने कहा कि वह दीर्घकालिक अवधि में पेट्रोरसायन, एथनॉल संयंत्रों, विपणन अवसंरचना के विस्तार और ईएसजी परियोजनाओं पर 70,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश जारी रखेगी। हालांकि, उसने परियोजनाओं के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी। नायरा ने कहा कि उसने अगस्त, 2017 से भारत में विभिन्न परियोजनाओं में 14,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। उसने कहा कि वह भारत की कुल शोधन क्षमता का लगभग आठ प्रतिशत और खुदरा पेट्रोल पंप नेटवर्क का सात प्रतिशत योगदान करती है। उसने पूरे देश में 55,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर्मचारियों को रोजगार देने का दावा भी किया। अंतर्राष्टीय स्तर पर बढ़ती जाँच के बीच, भारत-रूस की नायरा एनर्जी ने डाउनस्ट्रीम बुनियादी ढाँचे में 70,000 करोड़ रुपये के बड़े निवेश के साथ भारत के ऊर्जा भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। साथ ही, कंपनी ने यूरोपीय संघ के नवीनतम प्रतिबंधों की कड़ी आलोचना करते हुए उन्हें भारत के हितों के लिए हानिकारक बताया है। भारत में तीखी प्रतिक्रियाएँ झेलने वाले इस कदम में यूरोपीय संघ द्वारा रूसी कच्चे तेल से जुड़ी संस्थाओं पर शिकंजा कसने के लिए लगाए गए 18वें दौर के प्रतिबंधों में विवादास्पद रूप से नायरा एनर्जी को भी शामिल किया गया है, जो एक निजी भारतीय कंपनी है और पूरी तरह से भारतीय कानूनों के तहत काम करती है। इस निर्णय से व्यापक चिंता उत्पन्न हो गई है, तथा भारत में कई लोग इसे एक अतिक्रमण के रूप में देख रहे हैं, जो देश की ऊर्जा स्वतंत्रता और आर्थिक संप्रभुता के लिए खतरा है।

## वर्ग पहेली 5803

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | | 6 |
| 7 | | | | 8 | | 9 | |
| 10 | | | 11 | | | | |
| | | 12 | | | | | 13 |
| 14 | 15 | | 16 | | 17 | | |
| | 18 | 19 | | | 20 | 21 | |
| 22 | | | | 23 | | | |
| | 24 | | | | 25 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 31 अगस्त 1919 को इस महान कवियत्री, उपन्यासकार और निबंधकार ने जन्म लिया था (6)
6. अयोध्या के सूर्यवंशीय राजा का नाम जिनकी दूसरीरानी सुमति के गर्भ से 60 हजार पुत्र हुए थे (3)
8. दयालु, कृपालु, मेहरबान (4)
10. उत्तरप्रदेश की पूर्व महिला मुख्यमंत्री (सिर्फ आरंभिक नाम)(2)
11. कामयाबी, सफल होने का भाव (4)
12. तत्पर, तैयार, उद्यत (3)
14. संगीत में स्वर का विस्तार, तानने की क्रिया, खिंचाव (2)
16. परसों के पहले या आने वाले दिन में (3)
18. अवाम, पब्लिक, रिआया, रैयत (3)
20. धोखा देकर माल, असबाब लूटना (3)
22. मुस्लिम धर्म के मानने वालों का पवित्र ग्रंथ (3)
23. एक स्वीकृति सूचक शब्द (1)
24. घोर ध्वनि करना, बजाना (3)
25. वर के साथ कन्या पक्ष के यहां जाने वालों का समूह (3)

**संकेत: ऊपर से नीचे**
1. गैर बराबरी, विषमता (5)
2. शिकार हेतु गमन, आखेट (3)
3. किसी धातु को पीट और खींचकर बनाया गया तंतु या डोर (2)
4. पक्षपाती, हिमायती (5)
5. यह भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म थी (3)
6. एक प्रश्नवाचक सर्वनाम (2)
9. मातृ, जन्म देने वाली स्त्री (2)
11. बराबरी, तुल्यता, समान होने का भाव (4)
13. 1918 में गणराज्य बने ऑस्ट्रिया देश की यह राजधानी है (3)
15. भेंट,उपहार, सौगात (4)
17. सूखे अदरक, को यह भी कहते है (2)
19. जो रिश्तें में पति की बहन हो (3)
21. फूलों की घनी गुंथी छोटी माला जिसे प्रायः स्त्रियां बालों में संवारने के लिए लगाती है (3)

**वर्ग पहेली 5802 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ली | म | | रा | म | बो | ला |
| ह | मा | म | | ज | ग | ना | |
| ना | | ता | दा | द | | | सो |
| व | दि | | मा | | सं | को | च |
| क | वा | य | द | | त | ह | |
| | लि | | | स | | रा | न |
| आ | या | सा | व | न | झू | म | के |
| स्या | | थी | | म | ठ | | ल |

# असंतोष के पास कुछ ठहरिए

(जे कृष्णमूर्ति)

क्या आप जाग रहे हैं अथवा कुछ बनने की इच्छा के जरिये फिर से सोने जा रहे हैं? आप कहते हैं कि आप सोए हुए थे और अब आप जाग गए हैं, परंतु यह जाग्रत अवस्था आपको असंतुष्ट बनाती है और असंतोष आपको बेचैन करता है, पीड़ा देता है। इस पीड़ा से दूर भागने के लिए आप कुछ बनने, किसी आदर्श का अनुसरण करने आदि की कोशिश कर रहे हैं। यह अनुकरण आपको पुनः नींद में ले जाता है। परंतु हम उस पुरानी अवस्था में लौटना नहीं चाहते, हम सचमुच चाहते हैं कि जाग्रत रहें।

यह विचित्र नहीं है कि मन अपने आप को धोखा देता है? मन को परेशान होना पसंद नहीं है। इसे अपने पुराने ढर्रे, विचार और कर्म की आरामदेह आदतों से झिंझोड़कर बाहर किया जाना अच्छा नहीं लगता; परेशान होने के कारण यह ऐसे मार्ग और साधन खोजता है, जिनसे यह नई सीमाएं, नए चरागाह स्थापित करे, ताकि उनमें यह सुरक्षित रूप से जी सके। हममें से अधिकतर लोग सुरक्षा का क्षेत्र खोज रहे हैं और सुरक्षित रहने, संरक्षित रहने की यह लालसा ही हमें सुला दिया करती है। परिस्थितियां, शब्द, हाव-भाव, एकाध अनुभव हमें जगा सकते हैं, परेशान कर सकते हैं, परंतु हम पुनः सो जाना चाहते हैं। हममें से अधिकांश के साथ यही हो रहा है और यह जागृति की अवस्था नहीं है। हमें उन तरीकों को समझना होगा, जिनके द्वारा मन अपने आप को सुला देता है। ऐसा ही है, है कि नहीं?

आप सोच रहे होंगे कि ऐसे तो कई तरीके होंगे, जिनके द्वारा मन अपने आप को सुलाता है। क्या उन सबको जानना और उनसे बचना संभव है? इनमें से कइयों की ओर इंगित किया जा सकता है; परंतु इससे तो समस्या हल नहीं होगी, या हो जाएगी? क्यों नहीं होगी? जिनसे मन स्वयं को सुला लेता है, उन तरीकों को जान लेना भर तो पुनः सुरक्षित, चैन से रहने का शायद एक भिन्न मार्ग खोज लेना ही है। महत्व की बात जाग्रत रहना है, न कि यह पूछना कि जाग्रत कैसे रहें? 'कैसे' की खोज तो सुरक्षित रहने की लालसा ही है।

### तब फिर कोई क्या करे?

असंतोष के साथ कुछ ठहरिए, इसे शांत करने की इच्छा के बिना। बेचैन न होने की इस इच्छा को समझना आवश्यक है। अनेक रूप धारण करने वाली यह इच्छा जो है, उससे पलायन करने की लालसा है। जब यह लालसा सहज ही गिर जाती है, छूट जाती है-पर किसी प्रकार के चेतन या अचेतन दबाव से नहीं- केवल तभी असंतोष की यह पीड़ा मिटती है। 'जो है' के साथ 'जो होना चाहिए' की तुलना पीड़ा लाती है। तुलना का समापन संतोष की अवस्था नहीं है; यह अहं की गतिविधियों से उन्मुक्त जागृति की अवस्था है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज नौकरी करने वालों को ऑफिस में अपना काम पूरे करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। आपके काम को देखकर कार्यस्थल पर प्रमोशन को लेकर भी चर्चा की जा सकती है। साथ ही, परिवार के सदस्यों का भी पूरा सहयोग मिलेगा जिससे आपका मन काम में लगा रहेगा।

### वृष
आज आप पूरे उत्साह से हर काम को पूरा करेंगे और उसमें सफलता भी प्राप्त करेंगे। कार्यक्षेत्र में दोपहर के बाद आपके सभी काम धीरे-धीरे बनने लगेंगे। इससे मन प्रसन्न रहेगा और अगर कहीं लंबे समय से आपका पैसा फंसा हुआ था, तो वह भी अब वापस मिल सकता है। बिजनेस के मामले में कोई भी सौदा करने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार जरूर करें।

### तुला
आज नौकरी के मामले में आपका दिन अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में काम अच्छा चलेगा, जिससे मानसिक संतुलन बना रहेगा। कार्यस्थल पर आपको अपने जरूरी दस्तावेजों को तैयार रखना होगा क्योंकि, इनकी जरूरत कभी भी पड़ सकती है। साथ ही, अपने आसपास के लोगों पर भी नजर बनाए रखें।

### वृश्चिक
आज आपको अपनी योजनाओं को और विचारों पर अब अमल करने का मौका मिल सकता है। साथ ही, राजनीति में भी रुचि बढ़ सकती है। पैसों के मामले में आपको सावधान रहना होगा, अन्यथा किसी व्यक्ति के कारण आपको धन की हानि हो सकती है। आपको अपने निजी रिश्तों पर भी थोड़ा ध्यान देने की जरूरत हो सकती है।

### मिथुन
आज आपको फाइनेंस से जुड़े फैसले लेने होंगे क्योंकि, आने वाले समय में आज ज्यादा व्यस्त रह सकते हैं। कार्यक्षेत्र में नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं, जिसके लिए आपको मेहनत करनी होगी। परिवार में किसी शुभ कार्य की योजना बनाई जा सकती है और शाम को परिवार के सदस्यों के साथ शॉपिंग पर जाने का प्लान भी बन सकता है।

### कर्क
आज बौद्धिक काम में सफलता प्राप्त हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। वहीं, व्यापार के मामले में कोई नई डील भी शर्तों के साथ प्राप्त हो सकती है। लेकिन कार्यक्षेत्र में आपको कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना होगा। आपकी रुचि ध्यान और अध्यात्म में भी बढ़ सकता ही।

### धनु
आज दिन मेहनत भरा रह सकता है क्योंकि, कार्यस्थल पर अपने काम को पूरा करने में आपको ज्यादा व्यस्त रहेंगे। लेकिन काम के सिलसिले में भाग दौड़ करने से आपको लाभ जरूर प्राप्त होगा। व्यापार के मामले में आपको अपनी प्रतिभा भर पर विश्वास रखना होगा। लव लाइफ बिता रहे लोगों का दिन भी अच्छा रहने वाला है।

### मकर
आज कानूनी दस्तावेज पर साइन करते समय सावधानी बरतनी होगी। पहले सभी चीजों को अच्छी तरह जांच ले और उसके बाद ही किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करें। आप कार्यक्षेत्र में अपने कामों को एक एक करके निपटाएंगे जिससे बहुत संतुष्टि महसूस होगी। साथ ही, घर के कुछ जरूरी काम निपटाने में भी आपका ज्यादा समय निकल सकता है।

### सिंह
आज दिन अच्छा रहने वाला है। कार्यस्थल पर सहकर्मी आपके टीमवर्क को देखकर हैरान रह जाएंगे और आपकी सराहना भी की जाएगी। साथ ही, आपको आसपास के लोगों से पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आपको कुछ लोगों से प्रेरणा भी मिल सकती है, जिससे खुशी महसूस होगी।

### कन्या
आज रचनात्मक कार्यों में ज्यादा रुचि बढ़ सकती है। लेकिन इसके लिए आपको इधर उधर की बातों को इग्नोर करके अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना होगा। इसी के चलते आपको धन कमाने के भी सुनहरे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। दिन में कुछ पैसों की तंगी हो सकती है, लेकिन शाम होते-होते वह दूर हो जाएगी।

### कुंभ
आज किसी शुभ समाचार के इंतजार में रह सकते हैं। व्यापार के मामले में आपको किसी यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में नए लोगों से मेलजोल बढ़ाना आपके लिए लाभकारी हो सकता है। धन लाभ के भी अच्छे योग बन रहे हैं। लव लाइफ बिता रहे लोगों का दिन भी अच्छा रहने वाला है। आपके बीच का प्रेम बढ़ेगा।

### मीन
आज किसी बात को लेकर थोड़े परेशान रह सकते हैं। लेकिन दोपहर में वही वजह आपके आपको खुशी दे सकती है। नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर समझदारी से काम करने होंगे, तभी लाभ प्राप्त होगा। बुद्धि से जुड़े संबंधित कामों के अच्छे परिणाम आपको शाम तक प्राप्त हो सकते हैं। बिजनेस के मामले में किसी डील को फाइनल करने का काम कुछ वक्त टल सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैं विकल्प चुनने के लिए पैदा ही नहीं हुआ, जो भी जिम्मेदारी दी जाती है, उसे करता हूं- मनोहर लाल खट्टर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जगदीप धनखड़ ने पिछले दिनों उपराष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा दे दिया। इसके बाद सवाल उठने लगे कि अगला उपराष्ट्रपति कौन होगा। इस बीच, जब बीजेपी के वरिष्ठ नेता और आवास एवं शहरी मामलों के केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से पूछा गया कि वे क्या बनना चाहेंगे- उपराष्ट्रपति या फिर बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष? इस पर खट्टर ने डिप्लोमैटिक तरीके से जवाब देते हुए कहा कि मैं विकल्प चुनने के लिए पैदा ही नहीं हुआ, जो भी जिम्मेदारी दी जाती है, उसे करता हूं। एक न्यूज चैनल से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री खट्टर ने कहा, मैं किसी भी चीज का चुनाव नहीं करता, जो भी जिम्मेदारी दी जाती है, उसी के अनुसार काम करता हूं। खट्टर ने इसके बाद एक पुराना किस्सा भी सुनाया और बताया कि कैसे उन्हें जो भी पार्टी की ओर से जिम्मेदारी मिली, उसे उन्हें निभाया। उन्होंने कहा, मुझे 1980 में पहला सार्वजनिक काम फरीदाबाद में मिला। हमारे प्रांत के प्रचारक आए थे, दो दिन मीटिंग ली और फिर कहा कि मुझे बस स्टैंड तक छोड़ आओ। जब वहां छोड़ने गया तो वे चढ़ने लगे तो पैर नीचे उतार लिया और कहा कि एक बात बताना भूल गया। इसके बाद उन्होंने खट्टर से कहा कि आपका ट्रांसफर रोहतक कर दिया है, इसलिए 19 तारीख को रोहतक पहुंच जाना। मंत्री ने कहा, अगर हम सोचें कि रोहतक क्यों किया और क्यों भेजा गया। हम लोग को जो काम सौंपा जाता है, वहीं से करना शुरू कर देते हैं। कोई फर्क नहीं पड़ता। कोई काम नहीं हो तो भी बहुत काम है, नया ढूंढ लेंगे।

### लव बर्ड्स से प्रेमी जोड़ों का भाग्य जगा रहे थे, अपने भविष्य का नहीं लगा सके अंदाजा, पकड़े गए

**कानपुर, एजेंसी।** यूपी के कानपुर मे पक्षियों को तस्करी करके लाया और बेचा जा रहा है। कानपुर में चिड़ीमार लव बर्ड्स बेचकर प्रेमी जोड़ों का भाग्य जगा रहे थे, लेकिन अपने ही भविष्य का अंदाजा नहीं लगा सके। इसकी जानकारी किसी ने वन विभाग को दे दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने चिड़ीमारों के दर पर छापेमारी कर दी। इस दौरान सात जोड़े लव बर्ड्स के अलावा बड़ी संख्या में पक्षी बरामद हुए। प्रथमदृष्टया सभी पक्षी प्रतिबंधित बताए जा रहे हैं। लव बर्ड्स पक्षियों की तस्करी भाग्य जगाने के लिए बड़े पैमाने पर की जाती है। एक जोड़ा लव बर्ड्स की कीमत 5 से 10000 रुपये ग्राहक देखकर लगाई जाती है। किवदंतियां हैं कि लव बर्ड्स पालने से घर में खुशहाली आती है। जिनकी शादी में देरी होती है, उनके लिए भी लव बर्ड्स को फलदायक माना जाता है। यही वजह है कि चिड़ीमार लव बर्ड्स का बड़ा गोरखधंधा फैलाए हुए है। बुधवार रात बिधनू रेंजर के नेतृत्व में टीम ने बाबूपुरवा स्थित सलीम के घर छापा मारा। घर से वन विभाग की टीम को 7 लव बर्ड्स के अलावा 7 सनक्योनूर और 9 कॉकटेल पक्षी मिले। मामले में आरोपियों के खिलाप करार्वाई की जाएगी। वन विभाग ने पक्षियों को कब्जे में लेकर मामले में जांच शुरू कर दी है। बिधनू रेंजर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सलीम के खिलाफ वन जीव अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज किया। 3 साल तक कैद का प्रावधान है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सामाजिक वानिकी की प्रभागीय निदेशक, दिव्या ने इस मामले के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि चिड़ीमार के पास से 23 पक्षी बरामद किए गए हैं। एफआईआर दर्ज करा दी गई है। प्रतिबंधित पक्षियों की खरीद-फरोख्त और पालना अपराध है।

### बलात्कार और हत्या का दोषी जेल से फरार, सौम्या मामले में कन्नूर कारागार में काट रहा था उम्रकैद

**कन्नूर, एजेंसी।** केरल के कन्नूर में बलात्कार और हत्या मामले का दोषी जेल से फरार हो गया है। सौम्या नाम की महिला के रेप एंड मर्डर केस में गोविंदाचामी को दोषी पाया गया। उसे उम्रकैद की सजा हुई, जो कन्नूर सेंट्रल जेल में बंद था। 1 फरवरी, 2011 को 23 वर्षीय सौम्या एर्नाकुलम से शोरानूर के लिए पैसेंजर ट्रेन से जा रही थी। गोविंदाचामी ने उसके साथ बलात्कार किया और फिर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि जेल तोड़कर दोषी वहां से फरार हुआ। पुलिस ने गोविंदाचामी की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है। कन्नूर टाउन पुलिस के अनुसार, इस मामले में अधिक जानकारी का इंतजार है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार तड़के गोविंदाचामी की कोठरी की जांच के दौरान उसके लापता होने का पता चला। जेल अधिकारियों ने जेल परिसर और उसके आसपास तत्काल तलाश अभियान चलाया, लेकिन कैदी कहीं नहीं मिला। पुलिस को सतर्क कर दिया गया है और तलाश अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि, अब तक उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। कन्नूर टाउन पुलिस ने बताया कि कैदी के जेल से भागने की सूचना उसे सुबह 7 बजे मिली। 1 फरवरी 2011 को केरल के शोरनूर के पास मंजक्कड़ की 23 वर्षीय सौम्या के साथ एर्नाकुलम-शोरनूर यात्री ट्रेन (नंबर 56608) में भयावह घटना घटी। सौम्या एर्नाकुलम में नौकरी करती थी और छुट्टियों में अपने घर शोरनूर जा रही थी। वह अकेली थी। इस दौरान गोविंदाचामी नाम के अपराधी ने सौम्या को वल्लथोल नगर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से धक्का दे दिया, जिससे वह घायल हो गई। यह मामला देश भर में चर्चा का विषय बन गया क्योंकि यह रेल यात्रा के दौरान महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाता है।

# ओबीसी मुद्दों पर कांग्रेस से हुई चूक, भाजपा के लिए रास्ता खुल गया; राहुल गांधी ने किया स्वीकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को स्वीकार किया कि कांग्रेस पार्टी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के मुद्दों को पूरी तरह समझने और उनका समाधान करने में विफल रही, जिससे भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को मौका मिल गया। तेलंगाना के इंदिरा भवन में आयोजित कांग्रेस सांसदों और प्रदेश नेतृत्व की बैठक में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा, मैं एक व्यक्तिगत बात कहना चाहता हूं, जिससे लोग सहमत न भी हों। जब बात दलितों, आदिवासियों और महिलाओं के मुद्दों की आई, तो कांग्रेस पार्टी ट्रैक पर थी। लेकिन बीते 10-15 वर्षों में ओबीसी वर्ग को लेकर हमारी समझ और हमारी प्रतिक्रिया वैसी नहीं रही जैसी होनी चाहिए थी। हमने उस जगह को खाली छोड़ा और बीजेपी ने उसमें जगह बना ली। उन्होंने कहा कि पार्टी को अब सभी समुदायों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए ताकि न्याय और समावेशिता का स्पष्ट संदेश जाए। गांधी ने कहा कि हर भारतीय का ध्यान रखना कांग्रेस का काम है और यह भी सच है कि कांग्रेस देश के सभी समुदायों के प्रति निष्पक्ष भाव रखने वाली पार्टी रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ...मुझे लगता है कि हमने भाजपा के लिए जगह बनाई, क्योंकि हम ओबीसी लोगों की आकांक्षाओं और इच्छाओं के प्रति संवेदनशील नहीं थे।'' उन्होंने कहा, ''सभी को यह महसूस होना चाहिए कि पार्टी में निष्पक्षता है। बैठक में



तेलंगाना के मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता ए. रेवंत रेड्डी ने राज्य में किए गए 2024 के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, रोजगार, राजनीतिक और जातिगत सर्वेक्षण की प्रस्तुति दी। राहुल गांधी ने तेलंगाना जातिगत सर्वेक्षण को देश में सामाजिक न्याय के लिए एक मील का पत्थर बताया और कहा कि चाहे बीजेपी इसे पसंद करे या नहीं, पूरे देश में ऐसा ही राष्ट्रीय जातिगत जनगणना मॉडल अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने तेलंगाना में जातिगत सर्वेक्षण की पहल की, तब उनके मन में यह बात थी कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी जिस समुदाय से आते हैं, वहां इसे लेकर कुछ विरोध हो सकता है। बावजूद इसके, यह सर्वेक्षण एक ऐतिहासिक कदम है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस संसद में इस तेलंगाना मॉडल को जातिगत जनगणना के लिए आगे बढ़ाएगी और केंद्र सरकार से भी इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने की मांग करेगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यह जनगणना नौकरशाही के बंद कमरों में नहीं की गई, बल्कि दरवाजा खोला गया और तेलंगाना के लाखों लोगों, विभिन्न समुदायों और व्यावसायिक समूहों की भागीदारी के साथ सर्वेक्षण किया गया। राहुल गांधी ने इस बात पर जोर दिया, हम जाति, शिक्षा, स्वास्थ्य या किसी भी चीज को लक्षित कर सकते हैं। आज भारत के किसी भी अन्य राज्य में तेलंगाना की तरह विकास को लक्ष्य में रखकर काम करने की क्षमता नहीं है। यह एक सामाजिक औजार है, यह एक वित्तीय और आर्थिक साधन भी है। भाजपा को यह पसंद नहीं है कि यह एक राजनीतिक साधन भी है। उन्होंने कहा, आरक्षण पर 50 प्रतिशत की दीवार तोड़ने का विचार, जिसका भाजपा सरकार विरोध कर रही है, हिंदुत्व की राजनीति को पूरी तरह से नष्ट करने की क्षमता रखता है। गांधी ने कहा कि जब कांग्रेस दबाव डालती है, तो भाजपा को सुनने के लिए मजबूर होना पड़ता है क्योंकि उनके पास कोई विकल्प नहीं होता। उन्होंने दावा किया, मुझे पता है कि भाजपा जाति जनगणना सही तरीके से नहीं करने जा रही है। वे ऐसा नहीं कर सकते, क्योंकि वे भारत के लोगों को ओबीसी, दलितों और आदिवासियों, यहां तक कि सामान्य जातियों की वास्तविक स्थिति नहीं बता सकते। क्योंकि, अगर वे भारत को सच बता देंगे, तो उनका पूरा विचार ही खत्म हो जाएगा। गांधी ने अंग्रेजी भाषा की शिक्षा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और दावा किया कि तेलंगाना की कांग्रेस सरकार जाति जनगणना से प्राप्त आंकड़ों का उपयोग करके तेलंगाना के लोगों के जीवन को बदलने में मदद करेगी। खरगे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि उन्हें खुशी है कि तेलंगाना ने एक अच्छा काम किया है और देश को नयी दिशा दिखाई है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि इस सर्वेक्षण में अछूतों को शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं से इस दिशा में काम करने का आग्रह करते हुए कहा, अगर अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग अल्पसंख्यकों के साथ मिलकर कांग्रेस का समर्थन करते हैं, तो हम 50 प्रतिशत से ज़्यादा (वोट) हासिल कर सकते हैं और लगभग 60 से 70 प्रतिशत तक पहुंच सकते हैं। खरगे ने कहा, हमें हर राज्य में ताकत के साथ ऐसा करना होगा। हमें निडर होकर काम करना होगा। हमें अपनी पार्टी को मजबूत करना होगा और यह राजनीतिक सत्ता मिलने पर ही हासिल हो सकता है। हम समाज को तभी आगे ले जा सकते हैं जब हमारे पास आर्थिक, मानसिक या मानवीय शक्ति हो।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों और अन्य नेताओं से तेलंगाना के जाति सर्वेक्षण को अन्य राज्यों में भी ले जाने का आग्रह किया।

## संविधान की प्रस्तावना से समाजवाद और सेकुलरिज्म जैसे शब्द हटाए जाएंगे? सरकार ने संसद में किया साफ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा में गुरुवार को केंद्र सरकार ने बताया है कि उसका संविधान की प्रस्तावना से आपातकाल के दौरान जोड़े गए समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता



(सेकुलरिज्म) शब्दों पर पुनर्विचार करने या उन्हें हटाने की कोई वर्तमान योजना या इरादा नहीं है। सदन को यह भी बताया गया कि सरकार ने संविधान की प्रस्तावना से इन दोनों शब्दों को हटाने के लिए औपचारिक रूप से कोई कानूनी या संवैधानिक प्रक्रिया शुरू नहीं की है। एक लिखित उत्तर में, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि हालांकि, कुछ सार्वजनिक या राजनीतिक हलकों में चर्चा या बहस हो सकती है, लेकिन इन शब्दों में संशोधन के संबंध में सरकार द्वारा कोई औपचारिक निर्णय या प्रस्ताव की घोषणा नहीं की गई है। मंत्री ने जोर देकर कहा, सरकार का आधिकारिक रुख यह है कि संविधान की प्रस्तावना से समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता शब्दों पर पुनर्विचार करने या उन्हें हटाने की कोई वर्तमान योजना या इरादा नहीं है। प्रस्तावना में संशोधन के संबंध में किसी भी चर्चा के लिए गहन विचार-विमर्श और व्यापक सहमति की आवश्यकता होगी, लेकिन अभी तक, सरकार ने इन प्रावधानों को बदलने के लिए कोई औपचारिक प्रक्रिया शुरू नहीं की है। उन्होंने बताया कि नवंबर 2024 में, सर्वोच्च न्यायालय ने 1976 के संशोधन (42वां संविधान संशोधन) को चुनौती देने वाली याचिकाओं को भी खारिज कर दिया था, जिसमें यह पुष्टि की गई थी कि संविधान में संशोधन करने की संसद की शक्ति प्रस्तावना तक विस्तारित है। अदालत ने स्पष्ट किया कि भारतीय संदर्भ में समाजवाद एक कल्याणकारी राज्य का प्रतीक है और निजी क्षेत्र के विकास में बाधा नहीं डालता, जबकि धर्मनिरपेक्षता संविधान के मूल ढांचे का अभिन्न अंग है। कुछ सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा बनाए गए माहौल के बारे में, मेघवाल ने कहा कि कुछ समूह अपनी राय व्यक्त कर रहे होंगे।

## जहां सोनम रघुवंशी ने ली थी राजा की जान, वहां भाई ने कराई पूजा-पाठ

**शिलॉन्ग, एजेंसी।** मेघालय में जिस स्थान पर दो महीने पहले इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की चीखें खूंजी थीं वहां गुरुवार को मंत्रोच्चार सुनाई दिए। पत्नी सोनम रघुवंशी और उसके कथित प्रेमी राज के तीन दोस्तों के हाथों मारे गए राजा रघुवंशी की आत्मा की शांति के लिए भाई ने घटनास्थल पर पूजा-पाठ कराया है। राजा रघुवंशी की मेघालय में हनीमून के दौरान 23 मई को हत्या कर दी गई थी। ईस्ट खासी हिल्स जिले के सोहरा में वेइसाडोंग फॉल्स के निकट सुनसान पार्किंग स्थल पर राजा की हत्या धारदार हथियार से कर दी गई थी और लाश खाई में फेंक दी गई थी। राजा के भाई विपिन ने घटनास्थल पर पहुंचकर विधि-विधान से अनुष्ठान कराया। मंत्रोच्चार के बीच राजा की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अनुष्ठान के बाद भावुक हुए विपिन ने कहा,हम उस स्थान पर आना चाहते थे जहां हमारे राजा ने अंतिम सांस ली थी। किसी भी परिवार को ऐसा नहीं करना पड़े, लेकिन यह हमारे लिए महत्वपूर्ण था। विपिन ने कहा कि उन्हें लगता है कि राजा की आत्मा अब भी भटक रही है और उसे मोक्ष दिलाने के लिए यह पूजा-पाठ की गई है।

# मॉनसून सत्र में नए उपराष्ट्रपति का चुनाव मुश्किल, जगदीप धनखड़ के इस्तीफे से क्यों बनी ऐसी स्थिति

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हालांकि, मॉनसून सत्र के बाद ही इसके पूरी होने की संभावना है। चुनाव आयोग संसद के दोनों सदनों के मतदाता सूची की जांच कर रहा है, जिसमें राज्यसभा के महासचिव रिटर्निंग ऑफिसर होंगे। संविधान में इस्तीफे की स्थिति में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए कोई निश्चित समयसीमा नहीं है, लेकिन इसे जल्द से जल्द कराने की सामान्य सहमति है। चुनाव आयोग की ओर से अधिसूचना जारी होने के बाद 60 दिनों के भीतर मतदान प्रक्रिया पूरी करनी होती है। उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 14 दिन होता है। तीन-चार दिन जांच के लिए और फिर 14 दिन प्रचार का समय होता है। मॉनसून सत्र 21 अगस्त को समाप्त होगा और जिसमें अब केवल 20 कार्यदिवस बचे हैं। ऐसे मं नए उपराष्ट्रपति का चुनाव होने की संभावना कम है। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में फिलहाल 782 सदस्य हैं, जिसमें लोकसभा के 542 और राज्यसभा के 240 सदस्य शामिल हैं। हालांकि, पश्चिम बंगाल की बसीरहाट लोकसभा सीट और जम्मू-कश्मीर की 4 राज्यसभा सीटें खाली हैं। पंजाब के आप सांसद संजीव अरोड़ा ने भी इस्तीफा दे दिया है। विपक्ष के



पास कैसा है संख्याबल

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पास लोकसभा में 293 और राज्यसभा में 134 (कुल 427) सदस्य हैं। विपक्ष के पास लोकसभा में 249 और राज्यसभा में 106 (कुल 355) सदस्य हैं। इस कारण एनडीए के उम्मीदवार की जीत लगभग तय है। अगर चुनाव आयोग प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करता है तो यह एक लंबी प्रक्रिया होगी। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तनाव को देखते हुए विपक्ष आसानी से हार नहीं मानने वाला है। इससे प्रचार, मतदान, गिनती और नतीजे की घोषणा के लिए अतिरिक्त समय लगेगा। ऐसे में मतदान मॉनसून सत्र के बाद कराया जा सकता है।

## चुनाव से पहले भाषा युद्ध की बात कर माहौल बनाने लगीं ममता बनर्जी, क्या है तैयारी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में अब करीब 10 महीने का ही समय बचा है। अगले साल अप्रैल-मई में राज्य में इलेक्शन होने वाले हैं। इससे ठीक पहले उन्होंने बांग्ला भाषा का मसला उठाना तेज कर दिया है। देश के कई हिस्सों में अवैध बांग्लादेशियों का मुद्दा उठाए जाने को उन्होंने बंगालियों के उत्पीड़न से जोड़ दिया है। गुरुवार को कोलकाता में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि अब हमें फिर से एक भाषा आंदोलन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को बांग्लादेशी कहकर हिरासत में लिया जा रहा है। उन्हें काम करने से रोका जा रहा है। ममता बनर्जी ने कहा कि यह स्थिति तो भाषाई आतंकवाद जैसी है। इस तरह भाषा को मुद्दा बनाना और एक नए आंदोलन की बात से ममता बनर्जी ने संदेश दे दिया है कि वह चुनाव तक इस मसले को खींचने की तैयारी में हैं। पहले भी ममता बनर्जी चुनावों में बांग्ला कार्ड चलती रही हैं। ऐसे में ममता बनर्जी का रुख एक बार फिर से उसी



तरफ बढ़ता दिख रहा है। ममता दीदी ने कहा, बंगाली भाषा के खिलाफ जिस तरह का भाषायी आतंकवाद शुरू किया है, वह खतरनाक है। बंगाली भाषा दुनिया में 5वीं सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। देश में 30 करोड़ लोग बांग्लाभाषी हैं। फिर भी इन लोगों को जेल में डाला जा रहा है। हमें इसे स्वीकार नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ मेरी ही बात नहीं है बल्कि तमाम बांग्ला भाषी लोगों की है। इस तरह हम लोगों की भाषा पर हमला नहीं हो सकता। बंगाल हम लोगों के लिए सब कुछ है और हम अपनी जमीन बचाने के लिए कुछ भी करेंगे। उन्होंने कहा कि बांग्ला भाषा के नाम पर किसी को हिरासत में रखे जाने को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। दरअसल हाल ही में एनसीआर के गुरुग्राम में बांग्ला भाषी कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया था। बता दें कि बांग्ला भाषी लोगों की आबादी बंगाल के अलावा बड़ी संख्या में असम, त्रिपुरा जैसे राज्यों में भी है।

## इंदिरा गांधी से आगे निकले नरेंद्र मोदी, सबसे लंबे कार्यकाल वाले दूसरे प्रधानमंत्री बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नरेंद्र मोदी ने एक साथ सबसे ज्यादा समय तक प्रधानमंत्री रहने के मामले में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। वह आज यानी 25 जून, 2025 से सबसे लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्रियों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। उन्होंने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को पीछे छोड़ दिया है। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ही अब उनसे आगे रह गए हैं। उनसे पहले इंदिरा गांधी का कार्यकाल 24 जनवरी 1966 से लेकर 24 मार्च 1977 तक रहा था। उनका कुल कार्यकाल 4077 दिनों का था और आज से पीएम नरेंद्र मोदी का कार्यकाल 4078 दिनों का हो गया है। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि नरेंद्र मोदी बीते 24 सालों से सत्ता में हैं। वह पहले लगातार गुजरात के सीएम रहे और फिर लगातार करीब 11 सालों से प्रधानमंत्री बने हुए हैं। एक बात और है कि पीएम नरेंद्र मोदी देश की आजादी के बाद पैदा होने वाले पहले शख्स हैं, जो पीएम की कुर्सी तक बैठे हैं। वह सबसे लंबे कार्यकाल वाले देश के पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री हैं। उनसे पहले यह रिकॉर्ड पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के नाम था। गैर-हिंदी भाषी राज्य से आने वाले वह पहले प्रधानमंत्री हैं, जिनका कार्यकाल इतना लंबा रहा है। यदि राज्य में उनके सीएम कार्यकाल को भी गिन लिया जाए तो वह पहले नेता हैं, जो किसी चुनी हुई सरकार के सबसे लंबे समय



तक मुखिया रहे हैं। वह ऐसे पहले और गैर-कांग्रेसी पीएम हैं, जिन्होंने अपने दो कार्यकाल लगातार पूरे किए हैं। एक रिकॉर्ड यह भी है कि वह पहले ऐसे गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने अपने दम पर बहुमत हासिल करके दो बार सरकार बनाई। इंदिरा गांधी के कार्यकाल के बाद वह पहले ऐसे पीएम हैं, जिन्होंने दोबारा बहुमत के साथ सत्ता हासिल की। इसके अलावा पंडित नेहरू के बाद वह दूसरे ऐसे नेता हैं, जो केंद्र सरकार का लगातार तीसरी बार चुनाव जीतकर नेतृत्व कर रहे हैं। वह देश के पहले ऐसे नेता हैं, जिन्होंने लगातार 6 चुनाव जीते हैं। उन्हें 2002, 2207 और 2012 में गुजरात चुनाव में जीत मिली थी।

# छत्तीसगढ़ में 66 नक्सलियों ने सरेंडर किया, 27 महिलाएं भी शामिल; 49 पर 2.27 करोड़ रुपए का इनाम

**बस्तर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में गुरुवार को 66 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने सरेंडर कर दिया। इनमें 27 महिला नक्सली भी शामिल हैं। सरेंडर करने वाले 49 नक्सलियों पर कुल 2.27 करोड़ रुपए का इनाम था। नक्सलियों ने बताया कि वे निर्दोष आदिवासियों पर किए जा रहे अत्याचारों और संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेदों से निराश थे। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के 5 जिलों में गुरुवार को कुल 66 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर में 25, दंतेवाड़ा में 15, कांकेर में 13, नारायणपुर में 8 और सुकमा में 5 नक्सलियों ने सरेंडर किया। एक अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी के अधिकारियों के सामने सरेंडर किया। नक्सली खोखली माओवादी विचारधारा, निर्दोष आदिवासियों पर नक्सलियों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों और प्रतिबंधित संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेदों से निराश थे। अधिकारी ने बताया कि नक्सली राज्य सरकार की नियाद नेल्लनार (आपका अच्छा गांव) योजना, नई सरेंडर और पुनर्वास नीति और बस्तर रेंज पुलिस द्वारा शुरू की गई पुनर्वास पहल से प्रभावित थे। बीजापुर के एसपी जितेंद्र कुमार




यादव ने बताया कि बीजापुर में सरेंडर करने वाले 25 नक्सलियों में से 23 पर कुल 1.15 करोड़ रुपए का इनाम था। इनमें ओडिशा राज्य समिति सदस्य और माओवादियों की विशेष क्षेत्रीय समिति के सदस्य रमन्ना इरपा पर 25 लाख रुपए का इनाम था। उनकी पत्नी और प्लाटून पार्टी समिति की सदस्य रमे कलमू पर 8 लाख रुपए का इनाम था। यादव ने बताया कि माओवादियों के विभिन्न समूहों में महत्वपूर्ण पदों पर सक्रिय सुक्कू कलमू, बबलू माडवी, कोसी मडकम और रीना वंजाम पर 8-8 लाख रुपए का इनाम था। दंतेवाड़ा के एएसपी उदित पुष्कर ने बताया कि दंतेवाड़ा में सरेंडर करने वाले 15 नक्सलियों में से 5 पर कुल 17 लाख रुपए का इनाम था। सरेंडर करने वाले 15 नक्सलियों में संभागीय समिति सदस्य बुधराम उर्फ लालू कुहराम और उसकी पत्नी कमली उर्फ मोती पोतावी शामिल हैं। दोनों पर क्रमशः 8 लाख और 5 लाख रुपए का इनाम था। उन्होंने बताया कि इस सरेंडर के साथ ही जून 2020 में शुरू किए गए लोन वर्राटू (अपने घर लौट आओ) अभियान के तहत अब तक जिले में 254 इनामी नक्सलियों सहित 1020 नक्सली हिंसा छोड़ चुके हैं। कांकेर में सरेंडर करने वाले 13 नक्सलियों पर कुल 62 लाख रुपए का इनाम था। नारायणपुर के एसपी रॉबिन्सन गुरिया ने बताया कि नारायणपुर में हथियार डालने वाले 8 नक्सलियों पर कुल 33 लाख रुपए का इनाम था।

गुरिया ने बताया कि इनमें से नक्सलियों के उत्तर ब्यूरो तकनीकी दल के प्रभारी वट्टी गंगा उर्फ मुकेश पर 8 लाख रुपए का इनाम था। अधिकारियों ने बताया कि सरेंडर करने वाले प्रत्येक नक्सली को 50000 रुपए की सहायता दी गई और राज्य सरकार की नीति के अनुसार उनका पुनर्वास किया जाएगा।

## China Open:

### सिंधू पर जीत दर्ज करने वाली 17 साल की उन्नति को क्वार्टरफाइनल में मिली हार, यामागुची ने किया बाहर

**चांग्झू (चीन), एजेंसी।** पिछले दौर में अपनी आदर्श खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को हराने वाली 17 वर्षीय हुड्डा क्वार्टर फाइनल में जापान की खिलाड़ी से 33 मिनट तक चले मैच में 16-21, 12-21 से हार गईं। भारत की उभरती बैडमिंटन स्टार उन्नति हुड्डा का चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में शानदार सफर शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में जापान की विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया। भारत की उम्मीद अब सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी पर टिकी है जो क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के यू सिन ओंग और ई यी तेओ का सामना करेगी। पिछले दौर में अपनी आदर्श खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को हराने वाली 17 वर्षीय हुड्डा क्वार्टर फाइनल में जापान की खिलाड़ी से 33 मिनट तक चले मैच में 16-21, 12-21 से हार गईं। उन्नति के बाहर होने के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का एकल में अभियान समाप्त हो गया। पहले गेम में हूडा ने यामागुची को बराबर की टक्कर दी लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाई और जापान की खिलाड़ी ने लगातार पांच अंक बनाकर यह गेम अपने नाम कर दिया। इस गेम में हुड्डा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन लगातार तीन अंक लेना था। दूसरे गेम में भी यही कहानी दोहराई गई। भारतीय खिलाड़ी ने बीच में थोड़ी देर के लिए चुनौती पेश की और लगातार चार अंक हासिल किए लेकिन यामागुची ने लगातार छह अंक बनाकर दूसरा गेम 21-12 से अपने नाम करके सेमीफाइनल में जगह बनाई।



### जायसवाल के बचपन के कोच ज्वाला सिंह ने बताया टेस्ट में जीतने का तरीका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के बचपन के कोच ज्वाला सिंह ने मैनचेस्टर टेस्ट और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में अब तक भारत के प्रदर्शन का आलोचनात्मक मूल्यांकन किया है और सुझाव दिया है कि दो-तीन बल्लेबाजों को लंबी पारियां खेलनी चाहिए, जबकि मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों को टीम के समग्र प्रदर्शन में और योगदान देना होगा। अब तक शीर्ष क्रम के योगदान पर विचार करते हुए सिंह ने साई सुदर्शन, ऋषभ पंत और जायसवाल के प्रयासों की सराहना की, लेकिन एक लंबी, मैच-परिभाषित पारी की कमी पर भी ध्यान दिलाया, जो उनके अनुसार टेस्ट मैच जीतने के लिए महत्वपूर्ण है। सिंह ने कहा, अगर आप सलामी बल्लेबाजों पर गौर करें, तो साई सुदर्शन ने कुछ रन बनाए और चोट के बावजूद ऋषभ पंत ने भी योगदान दिया। यशस्वी ने रन बनाए और कुछ अन्य बल्लेबाजों ने छोटी लेकिन उपयोगी पारियां खेलीं। लेकिन अगर आपको टेस्ट मैच जीतना है, तो एक या दो खिलाड़ियों को बड़ी और लंबी पारियां खेलनी होंगी।



उन्होंने कहा, पहले टेस्ट मैच में हमने जो गलतियां कीं, वे तीसरे टेस्ट में भी दोहराई गईं। हमें मध्य और निचले क्रम से और योगदान की जरूरत थी। हमने दूसरा टेस्ट मुख्य रूप से शुभमन गिल के बड़े स्कोर की बदौलत जीता। उनकी पारी ने उस जीत को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई। बल्लेबाजों को यहां भी जिम्मेदारी लेने की जरूरत थी, लेकिन दुर्भाग्य से उन्होंने ऐसा नहीं किया।

### इंग्लैंड में तिलक वर्मा का दूसरा शतक, 15 छक्के-चौके मारे, दिग्गज पाकिस्तानी बॉलर की भी धुनाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तिलक वर्मा इस समय इंग्लैंड में खूब रन बना रहे हैं. टीम इंडिया का ये बल्लेबाज अब तक दो शतक ठोक चुका है. इस दौरान उसने खूब चौके और छक्के लगाए हैं. जहां एक तरफ भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलने में बिजी है तो वहीं तिलक वर्मा इंग्लैंड में काउंटी चैंपियनशिप में अपने शानदार प्रदर्शन से गेंदबाजों के नाक में दम किए हुए हैं. काउंटी चैंपियनशिप 2025 में हैंपशर की ओर से खेलते हुए तिलक वर्मा ने नॉटिंघमशर के खिलाफ के 112 रनों की शानदार पारी खेली, जिसके दम पर हैंपशर ने मैच में जबरदस्त वापसी की है. इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के दिग्गज गेंदबाज की खूब धुनाई की.



काउंटी चैंपियनशिप 2025 के डिवीजन-1 के 47वें मुकाबले में हैंपशर के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने नॉटिंघमशर के खिलाफ शानदार बैटिंग की. उन्होंने 256 गेंदों में 13 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 112 रनों की पारी खेली. इस दौरान उन्होंने पाकिस्तानी गेंदबाज मोहम्मद अब्बास की गेंदों पर खूब रन बनाए. उनके इस शानदार पारी के दम पर हैंपशर ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट पर 367 रन बना लिए हैं. इससे पहले नॉटिंघमशर ने अपनी पहली पारी 8 विकेट पर 578 रन बनाकर घोषित कर दी थी. हैंपशर अभी भी नॉटिंघमशर से 211 रन पीछे हैं. इस मैच में तिलक वर्मा जब बल्लेबाजी करने के लिए उतरे तो उस समय टीम का स्कोर दो विकेट पर 111 रन था. इसके बाद उन्होंने संभल कर खेलना शुरू किया और एक छोर संभाले रखा. दूसरी तरफ 173 के स्कोर पर हैंपशर के चार विकेट गिए गए, लेकिन इसके बाद तिलक वर्मा कप्तान बिन ब्राउन (28 रन) के साथ मिलकर पारी को संभाला.

**तिलक ने एक छोर संभाले रखा**

तिलक और ब्राउन ने पांचवें विकेट के लिए 58 रनों की साझेदारी की. ब्राउन के आउट होने के बाद फेलिक्स ऑर्गन (नाबाद 71 रन) तिलक का साथ देने के लिए आए. दोनों बल्लेबाजों ने छठे विकेट के लिए 126 रन जोड़े. इस दौरान तिलक वर्मा ने इस सीजन में अपना दूसरा शतक पूरा किया. इस दौरान उन्होंने नॉटिघमशर के गेंदबाजों मोहम्मद अब्बास, जॉश टंग, ब्रेट हटन और फरहान अहमद के खिलाफ खूब रन बनाए. इस पहले उन्होंने अपने डेब्यू मैच में शतक ठोका था.

**एशिया कप: एक ही ग्रुप में होने की संभावना, एशिया कप 2025 भारत की मेजबानी में यूएई में खेला जाएगा**

# भारत-पाकिस्तान मैच सितंबर में हो सकता है

**ढाका, एजेंसी।** यह फोटो चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत-पाकिस्तान के बीच खेले गए मैच की है। पाकिस्तान में हुए इस टूर्नामेंट में भारत के सभी मैच हाइब्रिड मॉडल में खेले गए थे। भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मुकाबला फिर देखने को मिल सकता है। ये मैच एशिया कप 2025 में खेले जाएंगे। एशियन क्रिकेट काउंसिल ने एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत को सौंपी है। टूर्नामेंट सितंबर में यूएई में खेला जाएगा।

यह फैसला गुरुवार को ढाका में आयोजित एसीसी की बैठक में लिया गया, जिसमें सभी 25 सदस्य देशों ने हिस्सा लिया। बीसीसीआई की ओर से उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला वर्चुअली जुड़े। बीसीसीआई के एक अफसर ने बताया कि भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। भारत और पाकने आपसी सहमति से 2027 तक सभी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में न्यूट्रल वेन्यू पर खेलने का फैसला किया है। ब्रॉडकास्टर्स व स्पॉन्सर्स की मांग को देखते हुए भारत-पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा जा सकता है। इससे 3 मैच होने की संभावना है। पहला लीग स्टेज में, फिर सुपर सिक्स में भी कम से कम एक मुकाबला हो सकता है। यदि दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो तीसरा मुकाबला भी संभव है।




# बेंगलुरु भगदड़ मामले में फंसी आरसीबी, कर्नाटक सरकार ने दी केस चलाने की मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अब कानूनी पचड़े में बुरी तरह से फंस गई है. टीम की विक्ट्री परेड के दौरान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मची भगदड़ के मामले में कर्नाटक सरकार ने आरसीबी और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है. सरकार ने यह फैसला जांच आयोग की रिपोर्ट के आधार पर लिया है, जिसमें आरसीबी केएससीएऔर आयोजन से जुड़ी डीएनएएंटरटेनमेंट नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड को घटना का जिम्मेदार बताया गया है.



### क्या था मामला?

आरसीबी ने 3 जून को आईपीएल 2025 का फाइनल जीतकर इतिहास रचा था. लंबे इंतजार के बाद टीम ने पहली बार खिताब अपने नाम किया था. अगले ही दिन, यानी 4 जून को आरसीबी टीम बेंगलुरु लौटी और एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में एक भव्य विक्ट्री परेड और समारोह आयोजित किया गया था. इस इवेंट के दौरान भीड़ पर नियंत्रण नहीं हो पाया. जरूरत से ज्यादा टिकट बांट दिए गए थे जिसके चलते स्टेडियम में क्षमता से अधिक लोग पहुंच गए और अव्यवस्था की वजह से भगदड़ मच गई. इस दर्दनाक हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई और करीब 50 लोग घायल हो गए थे.

### जांच आयोग की रिपोर्ट क्या कहती है?

कर्नाटक सरकार ने इस हादसे के बाद 5 जून को रिटायर्ड जस्टिस जॉन माइकल डीकुन्हा के नेतृत्व में एक एकल सदस्यीय जांच आयोग बनाया था. यह रिपोर्ट हाल ही में सरकार को सौंपी गई, जिसे 24 जुलाई को कर्नाटक कैबिनेट ने स्वीकार कर लिया है. भीड़ नियंत्रण के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए थे.

### अब आगे क्या?

कर्नाटक के कानून मंत्री एच.के. पाटिल ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को कहा है कि सरकार ने जस्टिस डीकुन्हा की रिपोर्ट को मंजूरी दे दी है और अब आरसीबी, केएससीए और इवेंट कंपनी पर आपराधिक मुकदमा चलाया जाएगा.
इसके साथ ही, पुलिस और अन्य सरकारी विभागों की भूमिका की भी जांच होगी, क्योंकि आयोग की रिपोर्ट में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही पर भी सवाल उठे हैं. पाटिल ने आगे कहा की इस रिपोर्ट में घटना के लिए जिम्मेदार सभी संस्थाओ और लोगो के नाम दर्ज है और सभी के खिलाफ पुख्ता जांच की जाएगी.

### यश दयाल पर रेप का एक और मामला दर्ज, नाबालिगा ने जयपुर में दर्ज करवाई FIR

**जयपुर, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आलोचनाओं से घिरे तेज गेंदबाज यश दयाल पर एक और बलात्कार का मामला दर्ज हो गया है। जयपुर पुलिस ने एक नाबालिग से बलात्कार का आरोप लगाया है। उत्तर प्रदेश के 27 वर्षीय क्रिकेटर पर पहले से ही गाजियाबाद की एक महिला ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। महिला ने आरोप लगाया है कि दयाल ने 5 साल के रिश्ते के दौरान उससे शादी का वादा करके उसका यौन शोषण किया।



जयपुर के सांगानेर सदर थाने के अनिल जैमन ने बताया कि ताजा स्न्ढ्क्र बुधवार को दर्ज की गई। उन्होंने शुक्रवार को यहां कहा, यश दयाल के खिलाफ पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम और (भारतीय न्याय संहिता) की संबंधित धाराओं के

तहत बलात्कार के लिए एफआईआर दर्ज की गई है। जैमन के अनुसार पीड़िता ने आरोप लगाया है कि खिलाड़ी ने पहली बार 2023 में उसके साथ बलात्कार किया था जब वह 17 साल की थी और इसी साल अप्रैल में सीतापुरा इलाके के एक होटल में भी ऐसा ही हमला हुआ था। एसएसओ ने कहा, उसने आरोप लगाया कि क्रिकेटर ने उसके करियर में मदद और सहयोग का वादा किया था।

उसने इस साल अप्रैल में उससे संपर्क किया जब वह आईपीएल के लिए जयपुर में था और उसे होटल में बुलाया जहां उसने कथित तौर पर उसके साथ फिर से बलात्कार किया। उन्होंने आगे कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### ऋषभ पंत की इंजरी के बाद ICC कर सकती है नियमों में बदलाव...

**सब्स्टीट्यूट प्लेयर करेगा बैटिंग-बॉलिंग!**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर के ओल ट्रैफर्ड में खेले जा रहे टेस्ट मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को गंभीर चोट लगी. ऋषभ पंत को यह चोट पहले दिन के खेल के दौरान दाएं पैर के अंगूठे में लगी थी, तब वो क्रिस वोक्स की गेंद पर रिवर्स स्वीप मारने की कोशिश कर रहे थे. ऋषभ काफी दर्द में दिखे और उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा.

हालांकि ऋषभ पंत ने अगले दिन फिर से बल्लेबाजी की और अर्धशतक जड़ने भी कामयाब रहे. हालांकि पंत इस मैच में विकेटकीपिंग करने की हालत में नहीं हैं. ऐसे में उनकी जगह विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी ध्रुव जुरेल निभा रहे हैं. एक बात गौर करने वाली है कि जुरेल सिर्फ कीपिंग कर सकते हैं, वो आईसीसी (इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल) के नियमानुसार बल्लेबाजी या गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे.

मौजूदा नियमों के तहत अगर कोई खिलाड़ी चोटिल हो जाए तो उसकी जगह आने वाला सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी सिर्फ फील्डिंग कर सकता है, लेकिन वो खिलाड़ी बैटिंग या बॉलिंग नहीं कर सकता. लेकिन यदि खिलाड़ी को सिर या आंख में चोट लगती है और वो कन्कशन टेस्ट में फेल हो जाता है, तो कन्कशन सब्स्टीट्यूट का इस्तेमाल किया जा सकता है. कन्कशन सब्स्टीट्यूट गेंदबाजी, बल्लेबाजी या फील्डिंग कर सकता है.

**ओलम्पिक 2036:**

# भारत को मिलेगी 2036 ओलंपिक की मेजबानी?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईओए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रघुराम अय्यर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम यह मानना चाहेंगे कि हम बहुत सकारात्मक हैं, लेकिन फिर भी यह कहना जल्दबाजी होगी भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) 2036 ओलंपिक की मेजबानी के अधिकार मिलने को लेकर बहुत सकारात्मक है, लेकिन उसे लगता है कि अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी क्योंकि और भी देश इस दौड़ में शामिल हो रहे हैं।

कतर नवीनतम देश है जिसने खुलासा किया है कि उसने 2036 खेलों की मेजबानी के अधिकारों के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के भविष्य मेजबान आयोग के साथ बातचीत प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह मेजबान देश के चयन से पहले की लंबी प्रक्रिया का पहला कदम है। आईओए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रघुराम अय्यर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम यह मानना चाहेंगे कि हम बहुत सकारात्मक हैं, लेकिन फिर भी यह कहना जल्दबाजी होगी कि किसे मेजबानी के अधिकार मिलेंगे, क्योंकि अब भी कई देश इसमें शामिल हो रहे हैं।




भारत ने पिछले साल ओलंपिक की मेजबानी के लिए रुचि पत्र प्रस्तुत किया था और वह आईओसी के भविष्य मेजबान आयोग (एफएचसी) के साथ निरंतर संवाद प्रक्रिया में एक कदम आगे है। अगला कदम लक्षित संवाद प्रक्रिया है जिसके बाद ही एफएचसी आईओसी कांग्रेस को पसंदीदा मेजबान देश की सिफारिश करेगा। उन्होंने कहा कि 2036 ओलंपिक के लिए मेजबान देश का नाम दो साल बाद ही पता चलने की संभावना है क्योंकि आईओसी ने खुद पूरी प्रक्रिया पर 'रोक' लगाने की घोषणा की है। अय्यर ने कहा, हम इस समय आईओसी के साथ निरंतर बातचीत के दौर में हैं। आईओसी के लिए अभी ठहरकर सोचने का समय है क्योंकि उसे अभी नया अध्यक्ष मिला है जो आईओसी में कुछ बदलाव ला रहा है। अ

गले कुछ वर्षों में हमें पता चल जाएगा कि यह किस दिशा में बढ़ रहा है। वहीं आईओए के कार्यकारी सदस्य हरपाल सिंह ने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की बोली के फैसले पर कहा, यह प्रक्रिया चल रही है। राष्ट्रमंडल खेल प्रतिनिधि, टीम प्रबंधन और खेल प्रबंधन पहले सभी संभावित मेजबानों से बातचीत करेंगे जिसके बाद नवंबर के आखिरी हफ्ते में ग्लासगो में होने वाली आमसभा में मेजबान को चुना जाएगा। कनाडा के बोली की दौड़ से हटने के बाद भारत की 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा, हमें पूरी उम्मीद है कि 2030 के खेल भारत में आयोजित होंगे।

# डब्ल्यूडब्ल्यूई लीजेंड हल्क होगन की मौत कैसे हुई, डॉक्टरों ने बताई बड़ी वजह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार हल्क होगन का 71 साल की उम्र में निधन हो गया, उन्होंने गुरुवार की सुबह फ्लोरिडा के क्लियरवॉटर स्थित अपने घर में अंतिम सांस ली। सुपरस्टार हल्क होगन का 71 साल की उम्र में निधन हो गया, उन्होंने गुरुवार की सुबह फ्लोरिडा के क्लियरवॉटर स्थित अपने घर में अंतिम सांस ली। डॉक्टरों ने बताआ है कि सुपरस्टार की मौत की वजह कार्डियक अरेस्ट है। बताया जा रहा है कि डॉक्टर खुद हल्क होगन के घर पर आए थे, उन्हें तुरंत अस्पताल भी ले जाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और




दुनिया ने इस लीजेंड को हमेशा के लिए खो दिया था। वैसे कुछ हफ्तों पहले ही ऐसी खबरें चली थीं कि हल्क होगन बेहोश हो गए थे। लेकिन उनती पत्नी स्काई ने उन खबरों का ना सिर्फ खंडन किया था बल्कि उन्होंने इसे अफवाह करार दिया था। उस समय तो उनकी पत्नी ने दो टूक कहा था कि उनके पति का दिल काफी मजबूत है और वे अपनी सर्जरी से उबर रहे हैं।

### भावुक हुए फैंस

हल्क होगन का जाना सिर्फ रेसलिंग की दुनिया के लिए एक बड़ी क्षति नहीं है बल्कि एक पूरी पीढ़ी उन्हें देखते हुए बड़ी हुई है, जिन्होंने अपने टीवी पर होगन को रेसलिंग करते हुए देखा, उन्हें कितनी बार वर्ल्ड चैंपियन बनते हुए देखा है। सोशल मीडिया इस समय श्रद्धांजलि के मैसेजों से पट चुका है, हर कोई इस दिग्गज को नम आंखों से विदा कर रहा है।

### कौन थे हल्क होगन?

हल्क होगन के करियर ती बात करें तो वह 80 के दशक से रेसलिंग की दुनिया में सक्रिय हो चुके थे, फैन्स तो उन्हें रियल लाइफ सुपरहीरो मानने लगे थे। उनका पीले-लाल रंग का कॉस्ट्यूम एक अलग ही पहचान बन चुका था. उन्होंने अपने करियर में इतने मैच जीते कि उन्हें 'हल्कमैनिया' का तमगा भी दिया गया।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे दो दिवसीय रीजनल पर्यटन कॉन्क्लेव का शुभारंभ



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 26 जुलाई को रीवा में आयोजित दो दिवसीय रीजनल पर्यटन कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में शाम 5 बजे आरंभ होगा। रीजनल पर्यटन कॉन्क्लेव में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल मंत्री ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग एवं पर्यटन और संस्कृति राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी की विशिष्ट उपस्थिति रहेगी। कॉन्क्लेव में पर्यटन उद्योग से जुड़े हुए 600 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। कॉन्क्लेव में संभाग के सभी जिलों के जनप्रतिनिधिगण तथा पर्यटन व्यवसाय से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों की भागीदारी रहेगी। विन्ध्य क्षेत्र में प्रचुर वन संपदा, आकर्षक जलप्रपात, कई टाईगर रिजर्व, प्रसिद्ध धार्मिक स्थल और ऐतिहासिक स्थल हैं। यहाँ आसपास के बड़े शहरों से जोड़ने के लिए फोरलेन हाईवे, रेलमार्ग तथा हवाई सेवा की सुविधा उपलब्ध है। मध्यप्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करने और विन्ध्य क्षेत्र की पर्यटन क्षमताओं का पूरा दोहन करने के उद्देश्य से रीजनल पर्यटन कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इस कॉन्क्लेव में प्रसिद्ध अभिनेता श्री मुकेश तिवारी और पंचायत वेबसीरीज की अभिनेत्री सान्विका सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कॉन्क्लेव में पर्यटन के क्षेत्र में निवेश करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा।

कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ यादव शहडोल के टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। कॉन्क्लेव में मण्डला, डिंडौरी, सिंगरौली, सीधी और सिवनी जिले में कला और शिल्प केन्द्रों की स्थापना के लिए एजेंसियों के साथ डिजिटल अनुबंध किए जाएंगे। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ यादव आईआरसीटीसी पोर्टल पर पीएम श्री पर्यटन वायुसेवा बुकिंग पोर्टल, होमस्टे ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल का लोकार्पण करेंगे। समारोह में मेकमाईट्रिप के साथ चित्रकूट घाट में आध्यात्मिक अनुभूति परियोजना की वर्चुअल माध्यम से आधारशिला रखी जाएगी। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री जी पर्यटन उद्योग के विकास के लिए विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। कॉन्क्लेव में 27 जुलाई को ट्रेवल आपरेटर्स, होटल व्यवसायी तथा पर्यटन उद्योग से जुड़े विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों के बीच संवाद और निवेश पर चर्चा की जाएगी। कॉन्क्लेव में आयोजित प्रदर्शनी के माध्यम से मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों तथा पर्यटकों को दी जा रही सुविधाओं को प्रदर्शित किया जा रहा है।

## जिला स्तरीय मूल्यांकन समिति की बैठक 28 जुलाई को

**रीवा।** राह-वीर योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय मूल्यांकन समिति की बैठक 28 जुलाई को कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में आहूत की गई है। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में यह बैठक शाम 4 बजे से आरंभ होगी।

## समाधान ऑनलाइन 30 जुलाई को

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 30 जुलाई को आयोजित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के आवेदकों के प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। कार्यक्रम शाम 4 बजे एनआईसी केन्द्र में आरंभ होगा। कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# एम.बी.बी.एस. की हिन्दी माध्यम से की गई पढ़ाई से मरीजों के इलाज में सुगमता होगी: उप मुख्यमंत्री

### मिशन मातृ भाषा, प्रोत्साहन एवं जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हिन्दी माध्यम से एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई से मरीजों के इलाज में सुगमता होगी। हमारा प्रदेश हिन्दी माध्यम से चिकित्सा शिक्षा देने वाला राज्य है जहाँ इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय में मिशन मातृभाषा प्रोत्साहन एवं जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हिन्दी भाषा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन प्रशंसनीय है। हिन्दी माध्यम से दी जाने वाली शिक्षा से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा साथ ही उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि देश के गृह मंत्री श्री अमित शाह जी ने प्रदेश में हिन्दी के माध्यम से चिकित्सा की शिक्षा देने का शुभारंभ किया था जो अब मूर्तरूप ले रहा है और हिन्दी माध्यम से पुस्तकों से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। श्री शुक्ल ने शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों से अपेक्षा की कि वह एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई के उपरांत गांव में अपनी सेवा देकर पीड़ित मानवता का पुण्य लें क्योंकि भारत को समझना है तो गांव को समझना होगा। ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों को सुविधा संपन्न बनाया जा रहा है तथा चिकित्सकों व स्टाफ के लिये आवास सहित अन्य व्यवस्थायें भी सुनिश्चित कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि रीवा में चिकित्सा सुविधाओं के लिये अतिरिक्त भवन, मशीनें तथा चिकित्सकों व चिकित्सकीय स्टाफ की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है ताकि मरीजों को बेहतर से बेहतर इलाज मिल सके।

इस अवसर पर डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल ने कहा कि हिन्दी माध्यम से की गई पढ़ाई से मातृभाषा को लोग बेहतर ढ़ंग से समझ सकेंगे व मरीजों के समझा भी सकेंगे। उन्होंने बताया कि हिन्दी माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

# मुख्यमंत्री आज आएंगे सतना और रीवा

### मुख्यमंत्री आज रीवा में करेंगे पर्यटन कॉन्क्लेव का शुभारंभ



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 26 जुलाई को दोपहर 12.05 बजे भोपाल से वायुयान से प्रस्थान कर दोपहर एक बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री रीवा एयरपोर्ट से दोपहर 1.05 बजे हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 1.25 बजे सतना जिले के रैंगाव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री सिंहपुर में महिला सम्मेलन में भाग लेकर दोपहर बाद 3.20 बजे हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर 3.45 बजे ग्राम हरदुआ पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री शाम 4 बजे ग्राम हरदुआ से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर शाम 4.20 बजे रीवा एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

मुख्यमंत्री शाम 4.40 बजे सैनिक स्कूल रीवा पहुंचकर शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों का नमन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री सैनिक स्कूल में आयोजित शहीदों के सम्मान समारोह में कारगिल युद्ध के शहीदों के परिजनों और वीर नारियों को सम्मानित करेंगे। समारोह में भारतीय सेना की डेयरडेविल टीम द्वारा मोटरसाइकिल पर विभिन्न कर्तव्यों का प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्यमंत्री समारोह में भारतीय सेना के मोटरसाइकिल अभियान वीरता के पहिए को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। समारोह के बाद मुख्यमंत्री शाम 5.35 बजे सैनिक स्कूल से प्रस्थान कर शाम 5.40 बजे कालेज चौराहा स्थित नवीन संयुक्त एसडीएम कार्यालय पहुंचकर नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। भवन के अवलोकन के पश्चात मुख्यमंत्री परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधे रोपित करेंगे।

# विधिक जागरूकता शिविर संपन्न




**रीवा।** माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में एवं जिला न्यायाधीश श्री सुधीर सिंह राठौड एवं न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में शासकीय उ.मा.वि. डिहिया, में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के मुख्य अतिथि श्री सुधीर सिंह राठौड जिला न्यायाधीश रीवा ने अपने उद्धबोधन में पॉक्सो अधिनियम के बारे में बालकों को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के किसी बच्चे के साथ यदि लैंगिक अपराध होता है तो अपराध करने वाले को 03 वर्ष से लेकर मृत्युदण्ड तक की सजा का प्रावधान है साथ ही उन्होने मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों के बारे में बच्चों को जानकारी दी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अपने उद्धबोधन में कहा कि छात्र जीवन में हम अनुशासित रह कर ही सफलता प्राप्त कर सकते हैं एवं जिससे हमारा परिवार हमारा समाज गौरवान्वित हो। इसके अतिरिक्त उन्होने बालकों के अधिकारों एवं किशोर न्याय अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा एवं लीगल एड. डिफेंस के असिस्टेंट अनीश कुमार पाण्डेय ने नि:शुल्क विधिक सहायता योजना के बारें में बताया। कार्यक्रम का स्वागत उद्धबोधन अधिवक्ता विकास मिश्रा द्वारा दिया गया मंच का संचालन विद्यालय के शिक्षक दयाशंकर चतुर्वेदी ने किया। आभार प्राचार्य श्री पाठक द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकगण व छात्र छात्राये उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने पर्यटन कॉन्क्लेव के संबंध में दिए निर्देश

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स से पर्यटन कॉन्क्लेव की तैयारियों की जानकारी ली। कमिश्नर ने कहा कि कलेक्टर अपने जिले के जनप्रतिनिधि तथा पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों की सूची आज ही उपलब्ध कराकर उनकी पर्यटन कॉन्क्लेव में भागीदारी सुनिश्चित करें। पर्यटन उद्योग को गति देने के लिए कॉन्क्लेव इस क्षेत्र के लिए बड़ा अवसर है। इसमें 600 से अधिक पर्यटन उद्योग से जुड़े डेलिगेट्स भाग ले रहे हैं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 26 जुलाई को रीवा के कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में रीजनल पर्यटन कॉन्क्लेव का शाम 6 बजे शुभारंभ करेंगे।

## उप मुख्यमंत्री ने बिरसा मुण्डा सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने चिरहुला कालोनी में एक करोड़ रूपये से अधिक लागत से निर्माणाधीन बिरसा मुण्डा सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया तथा गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश निर्माण विभाग के अधिकारी को दिये। उन्होंने सामुदायिक भवन की बाउण्ड्रीबाल के निर्माण तथा सामने के स्थल को समतल करने के निर्देश दिये।

# केन्द्रीय जेल में परिरूद्ध महिला बंदियों द्वारा जूट उत्पादन निर्माण स्वरोजगार प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किये गये प्रमाण पत्र



**रीवा।** ग्रामीण विकास भारत सरकार द्वारा संचालित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान एवं यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के सहयोग से रीवा जेल में परिरुद्ध महिला बंदियों के लिए जूट उत्पाद निर्माण स्व-रोजगार मूलक प्रशिक्षण हेतु 35 महिला बंदियों का रजिट्रेशन कराया गया। महिला बंदियों द्वारा जूट उत्पाद निर्माण स्व-रोजगार मूलक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त करने के बाद प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुनीत चतुर्वेदी संचालक यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, मो. इब्राहिम उप क्षेत्र प्रमुख यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, श्री अखिलेश मिश्रा वरिष्ठ प्रशिक्षक एवं नरेन्द्र कुमार उपस्थित रहे। महिला बंदियों को अवगत कराया गया कि जेल से रिहा होने के पश्चात स्व-रोजगार प्रशिक्षण हेतु यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया से आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। सतीश कुमार उपाध्याय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल रीवा द्वारा बताया गया कि जूट उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण पश्चात पुरुष बंदियों के लिये मोटरसाईकल रिपेयरिंग प्रशिक्षण स्व-रोजगार मूलक प्रशिक्षण प्रारंभ किया जावेगा।

# उप मुख्यमंत्री ने एमआरआई मशीन का किया लोकार्पण



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 13 करोड़ रूपये की लागत की नवीन एमआरआई मशीन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस अत्याधुनिक मशीन से मरीजों का एमआरआई का परीक्षण बेहतर ढ़ंग से होगा। श्री शुक्ल ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल इस क्षेत्र के मरीजों के लिए बड़ी सौगात है। यहां अत्याधुनिक मशीनों से जांच एवं कुशल चिकित्सकों द्वारा गंभीर रोगों का इलाज किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अस्पताल में आयुष्मान धारक भर्ती मरीजों का निःशुल्क एमआरआई होगा तथा अन्य मरीजों का परीक्षण शासन द्वारा निर्धारित दर के अनुसार किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के विस्तार भवन एवं निर्माणाधीन नवीन कैथ लैब का निरीक्षण किया। विदित हो कि नवीन कैथ लैब शीघ्र ही प्रारंभ हो जायेगी। श्री शुक्ल ने कैंसर यूनिट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्य को गति देने के निर्देश दिये। इस दौरान डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल, अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल डॉ. अक्षय श्रीवास्तव सहित चिकित्सक उपस्थित रहे।

# नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा का हुआ आयोजन



**मऊगंज।** मऊगंज जिला अंतर्गत हनुमना विकासखंड के आदर्श ग्राम सलैया खास में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन नवांकुर संस्था काशी प्रसाद वेल्फेयर सोसायटी हनुमना के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक, जिला समन्वयक जागेश्वर ताम्रकार एवं ब्लॉक समन्वयक डॉ. रामानंद पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती इन्दरनिया कोल रहीं, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक आनंद प्रसाद तिवारी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रामवासियों की आस्था के प्रतीक मंदिर स्थल से कलश यात्रा और पर्यावरणीय गीतों के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित नवांकुर सखियों एवं ग्रामीणों को पौधे वितरित किए गए और घर, आंगन व बगिया में रोपण कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत परिसर में वरिष्ठजनों द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' पर वृक्षारोपण किया गया, जिसने कार्यक्रम को भावनात्मक और प्रेरणादायक स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम शशि मिश्रा, ओमकार मिश्रा, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला समूहों एवं समस्त ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।

## नगर निगम अधिकारियों द्वारा हरित महाअभियान के समर्थन में एक दिवस के वेतन का सहयोग

**रीवा।** शासन द्वारा संचालित हरित महाअभियान को प्रोत्साहन प्रदान करने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व निर्वहन की भावना से नगर निगम रीवा के अधिकारियों द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे एवं निगम के समस्त अधिकारियों ने अपने एक दिवस के वेतन का अंशदान हरित महाअभियान हेतु प्रदान करने का निर्णय लिया है। आयुक्त डॉ. सोनवणे ने कहा कि वृक्षारोपण एवं हरियाली बढ़ाने जैसे कार्यों में हर नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है। नगर निगम परिवार इस नेक पहल में सहभागी बनकर सकारात्मक संदेश देने के लिए संकल्पित है। उल्लेखनीय है कि हरित महाअभियान एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में वृक्षारोपण एवं अन्य पर्यावरणीय गतिविधियों का योजनाबद्ध ढंग से संचालन किया जा रहा है।

# यूनियन बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन




**रीवा।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा रीवा शहर के प्रमुख विद्यालयों के कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम रीवा शहर के छात्रों को प्रोत्साहित करने, उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ शिक्षा ऋण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक अजय खरे सहित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तण्ड एक के प्राचार्य जयप्रकाश जायसवाल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तण्ड तीन के प्राचार्य आरएल दीपांकर, राजहंस स्कूल के प्राचार्य राजभान सिंह परिहार तथा सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य प्रशांतमणि शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहायक महाप्रबंधक मोहम्मद इब्राहीम, उप क्षेत्र प्रमुख सौरभ पहरिया, आरएलपी प्रमुख विनय जायसवाल सहित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया रीवा क्षेत्रीय कार्यालय की टीम भी मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। साथ ही शिक्षा ऋण की जानकारी देकर बैंक ने विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के सपनों को साकार करने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों को सम्मानित करना था, बल्कि उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शैक्षणिक ऋण योजनाओं से परिचित कराना भी था। इस सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन, विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा बैंक के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।





विंध्य की विरासत से समृद्ध होगी
मध्यप्रदेश पर्यटन की पहचान

मध्यप्रदेश पर्यटन
क्षेत्रीय पर्यटन कॉन्क्लेव
26-27 जुलाई, 2025 | रीवा
अद्भुत वन्यजीवन-अनोखे गंतव्य

शुभारंभ

सायं 6:00 बजे। कृष्ण राज कपूर ऑडिटोरियम, रीवा, मध्यप्रदेश



एवं

कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम

सायं 5:00 बजे। सैनिक स्कूल परिसर, रीवा

मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

पर्यटन विकास को नए आयाम

होटल, रिसॉर्ट, वेलनेस और ईको-टूरिज्म क्षेत्रों में निवेश करने वाले 6 प्रमुख निवेशकों को प्रदान किए जाएंगे 'लेटर ऑफ अवॉर्ड'

पर्यटन विभाग द्वारा राज्य में संचालित 'पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा' की बुकिंग अब जुड़ेगी IRCTC पोर्टल से

ग्रामीण होम-स्टे अब मेक माय ट्रिप, यात्रा, ईज़ माय ट्रिप जैसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ट्रैवल एजेंसियों से जुड़ेंगे

2 प्रमुख डिजिटल मार्केटिंग कंपनियों, Barcode Experiential और Qyuki Digital के साथ रणनीतिक साझेदारी हेतु एमओयू

शहडोल में फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट का उद्घाटन युवाओं को मिलेंगे रोज़गार के अवसर

कला और हस्तशिल्प केंद्र स्थापित करने के लिए ग्राम सुधार समिति एमएम फाउंडेशन और समर्थ संस्था के साथ होगा अनुबंध

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11071/25


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833